आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 180- ● जबलपुर ● रविवार, 31 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-3 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### संजय राउत और करीबियों के घर ईडी का छापा, होगी गिरफ्तारी

## शिवसेना सांसद ने कहा- मर जाऊंगा, पर नहीं करूंगा सरेंडर

**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना सांसद संजय राउत के घर सुबह साढ़े सात बजे ईडी की टीम पहुंची। राउत से पूछताछ जारी है। राउत के कमरे की भी तलाशी ली गई। टीम में करीब 10 से 12 अफसर हैं, इनमें से सात राउत के घर पर हैं, बाकी उनके दो करीबियों के घर कार्रवाई कर रहे हैं। राउत के अलावा उनके परिवार से भी पूछताछ की रही है। महाराष्ट्र के 1034 करोड़ के पात्रा चॉल जमीन घोटाला मामले में श्वष्ठ की टीम संजय राउत से पूछताछ कर रही है। वहीं, श्वष्ठ दफ्तर पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है। संभावना है कि राउत को हिरासत में लेकर यहां लाया जा सकता है।





### मेरा किसी घोटाले से कोई लेना-देना नहीं

ईडी की कार्रवाई शुरू होने के बाद संजय राउत ने ट्वीट करके अपनी सफाई दी। राउत ने कहा- मेरा किसी घोटाले से कोई लेना-देना नहीं है। मैं शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की शपथ लेकर यह कह रहा हूं। बालासाहेब ने हमें लड़ना सिखाया है। मैं शिवसेना के लिए लड़ना जारी रखूंगा। यह झूठी कार्रवाई है। झूठा सबूत है। मैं शिवसेना नहीं छोड़ूंगा। मैं मर भी जाऊं तो समर्पण नहीं करूंगा। राउत को 27 जुलाई को ईडी ने तलब किया था। वह अधिकारियों के सामने पेश नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी के अधिकारी उनके घर पहुंचे हैं। संजय राउत और उनके विधायक भाई सुनील राउत दोनों इस वक्त अपने भांडुप के बंगले मैत्री पर मौजूद हैं। शिंदे गुट के नेता रामदास कदम बोले- राउत बाल साहेब की जगह शरद पवार की शपथ लें। अगर करप्शन नहीं किया तो डर काहे का ।ईडी के अफसरों ने पूछताछ के दौरान संजय राउत के कमरे की तलाशी ली ।शिंदे गुट के नेताओं के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। यह कार्रवाई तब हो रही है, जब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आज दिल्ली में हैं ।शिंदे अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात कर रहे हैं। तीनों के बीच कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा हो रही है।

### राउत के घर के बाहर जमा हुए शिवसेना कार्यकर्ता

संजय राउत के घर के बाहर बैठे शिवसेना कार्यकर्ताओं का आरोप है कि ईडी की कार्रवाई केंद्र सरकार के इशारे पर हुई है। संजय राउत के घर ईडी की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही शिवसेना कार्यकर्ता उनके घर के बाहर जमा होना शुरू हो गए हैं। कार्यकर्ता केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

### उन्हें जेल जाना होगा :भाजपा

इस बीच बीजेपी नेता राउत की गिरफ्तारी की संभावना जता रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें भी नवाब मलिक के बगल में रहने के लिए जेल जाना होगा। बता दें, अन्य विपक्षी दलों की तरह शिवसेना भी केंद्र पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाती रही है ।बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने कहा कि मैंने संजय राउत की लूट और माफिया के सबूत दिए थे। महाविकास अघाड़ी क सरकार उन्हें बचाने की कोशिश कर रही थी। प्रदेश की जनता को लूटने वाले संजय राउत का आज हिसाब होगा। मैंने शिवसेना सांसद के खिलाफ सबूत दिए हैं। मेरा मानना है कि राउत को नवाब मलिक के बगल में जाना ही होगा। अब कार्रवाई चालू है। किरीट सोमैया ने कहा कि संजय राउत भाग रहे थे, अब हिसाब देना होगा। वहीं, बीजेपी विधायक नीतेश राणे ने कहा कि जो लोग रोज सुबह खराब करते हैं, वे इस बात से संतुष्ट हैं कि उनकी सुबह खराब हो गई।

### 11 करोड़ की संपत्ति हो चुकी जब्त

यह मामला मुंबई के गोरेगांव इलाके में पात्रा चॉल से जुड़ा है। यह महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवेलपमेंट अथॉरिटी का भूखंड है। इसमें करीब 1034 करोड़ का घोटाला होने का आरोप है। इस केस में संजय राउत की नौ करोड़ रुपए और राउत की पत्नी वर्षा की दो करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त हो चुकी है।

## नरेंद्र मोदी कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट

### JD और शिंदे गुट को मिल सकती है जगह

नई दिल्ली,एजेंसी ।भाजपा नेतृत्व द्वारा मिशन 2024 की रणनीति के तहत संगठन स्तर पर किए जा रहे तमाम बदलावों के बीच केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल व विस्तार की सुगबुगाहट भी है। संसद के मानसून सत्र के बाद इसकी संभावना जताई जा रही है। विस्तार में जद (यू) व शिवसेना के बागी गुट को जगह मिल सकती है। सरकार में अभी सहयोगी दलों से कुछ ही कैबिनेट मंत्री हैं, फेरबदल होता है तो इसकी संख्या बढ़ सकती है। अभी केंद्र सरकार में पशुपति पारस कैबिनेट मंत्री और अनुप्रिया पटेल व रामदास अठावले बतौर राज्य मंत्री शामिल हैं। बीते दिनों राज्यसभा कार्यकाल पूरा होने और फिर से चुन कर न आने से जदयू के आरसीपी सिंह व भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी ने इस्तीफा दे दिया था। यह दोनों पद अभी रिक्त हैं। इनमें इस्पात मंत्रालय ज्योतिरादित्य सिंधिया व अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय स्मृति ईरानी को दिया गया है। इस बीच, शिवसेना के बागी गुट के भाजपा के साथ आने और महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद उसे भी केंद्र में जगह दिए जाने की संभावना है। इससे उद्धव ठाकरे को एक और झटका देने के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाले गुट का असली शिवसेना का दावा और मजबूत किया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल में अभी प्रधानमंत्री समेत 29 कैबिनेट मंत्री हैं। दो स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्रियों के साथ 47 राज्यमंत्री हैं। राज्य मंत्रियों में दो स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह व राव इंद्रजीत सिंह भी शामिल हैं।

## पीएम मोदी बोले- घर पर तिरंगा जरूर फहराए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मन की बात के 91वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- इस बार मन की बात खास है। इस बार का स्वतंत्रता दिवस, जब भारत आजादी के 75 वर्ष पूरे करेगा। हम सभी अद्भुत और ऐतिहासिक पल के गवाह बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि13 से 15 अगस्त तक स्पेशल मूवमेंट हर घर तिरंगा का आयोजन किया जा रहा है। आप अपने घर पर तिरंगा जरूर फहराएं। अपने घर पर लगाएं। तिरंगा हमें जोड़ता है और देश के लिए कुछ करने को प्रेरित करता है। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पिक्चर में तिरंगा ला सकते हैं। 2 अगस्त को पिंगली वेंकैया की जयंती है। उन्होंने ही राष्ट्रीय ध्वज को डिजाइन किया। महान क्रांतिकारी मैडम कामा ने तिरंगे को आकार दिया। पीएम ने कहा कि ईश्वर ने हमें बड़ा सौभाग्य दिया है। अगर हम गुलामी के दौर में पैदा हुए होते तो इस दिन की कल्पना हमारे लिए कैसी होती। पराधीनता की बेड़ियों से आजादी की बेचैनी कितनी बड़ी रही होगी ।हमारे जीवन में वो भी दिन आता है कि भारत माता की जय बोलते हुए हम अपना जीवन अर्पित कर देते हैं। आज ही के दिन 31 जुलाई को हम शहीद उधम सिंह की शहादत को नमन करते हैं। मैं देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वालों को नमन करता हूं। आजादी का अमृत महोत्सव जनांदोलन का रूप ले रहा है। इससे जुड़ा एक कार्यक्रम मेघालय में हुआ।






## भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी ने जीता रजत भारत को दिलाया चौथा पदक

**बर्मिंघम,एजेंसी।** इंग्लैंड के बर्मिंघम में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय एथलिट्स का शानदार प्रदर्शन जारी है। ताजा खबर यह है कि भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी ने रजत पदक जीतकर देश को चौथा पदक दिला दिया है। अब तक भारत के खाते में आए चार पदकों में एक गोल्ड, दो सिल्वर और एक कांस्य है। रविवार सुबह बिंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 55 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। मणिपुर की 22 वर्षीया बिंद्यारानी देवी ने क्लीन एंड जर्क में अपने अंतिम मोड़ में 116 किग्रा के शानदार प्रयास के साथ कुल 202 किग्रा वजन उठाया और इंग्लैंड के फ्रेर मोरो (198) को पीछे छोड़ दिया। बिंद्यारानी देवी नाइजीरिया की आदिजात से सिर्फ 1 किग्रा आगे निकल गई। इससे पहले शनिवार को मीराबाई चानू ने महिलाओं के 49 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं संकेत सरगर ने पुरुषों के 55 किग्रा में रजत और गुरुराजा पुजारी ने पुरुषों के 61 किग्रा में कांस्य पदक जीता था।

## काठमांडू में भूकंप, बिहार-बंगाल तक झटके

काठमांडू ,एजेंसी। नेपाल के काठमांडू में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप विज्ञान के राष्ट्रीय केंद्र के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर 5.5 तीव्रता मापी गई है। भूकंप का केंद्र काठमांडू, नेपाल से 147 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में रहा। जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह 07 बजकर 58 मिनट पर आए भूकंप के झटके भारत में भी महसूस किए गए हैं। भारत में बिहार, खासतौर पर राजधानी पटना के साथ ही नॉर्थ बंगला तक झटके महसूस हुए। गुवाहाटी से भी झटकों की सूचना है। अब तक किसी तरह के जान-मान के नुकसान की खबर नहीं है। लोगों का कहना है कि उन्हें भी झटके महसूस हुए। रविवार यानी छुट्टी वाला दिन होने के कारण लोग घरों पर ही थे। ऐसे में सुबह-सुबह भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया।

## कुछ लोग धर्म के नाम पर दुश्मनी पैदा कर रहे चुप नहीं बैठ सकते :डोभाल

नई दिल्ली,एजेंसी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा है कि कुछ लोग ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो देश की प्रगति में रोड़े अटका रहा है। शनिवार को उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की केवल निंदा करना काफी नहीं है, बल्कि इनके खिलाफ एक्शन लेने की जरूरत है। डोभाल ने कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया समेत अन्य कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ मिलकर काम करने की जरूरत है। डोभाल ने यह बात दिल्ली में अखिल भारतीय सूफी सज्जादनशीन परिषद के अंतर धार्मिक सम्मेलन में कही। कार्यक्रम में शामिल मुस्लिम नेताओं ने PFI पर प्रतिबंध लगाने की मांग की ।डोभाल ने कहा कि कुछ लोग हैं जो धर्म और विचारधारा के नाम पर दुश्मनी पैदा करते हैं। प्रभावित करती है।

### हवाला, जासूसी या डेटा चोरी?

## एसटीएफ ने नोएडा से तीन चीनी नागरिक गिरफ्तार किए

**नोएडा,एजेंसी।** नोएडा एसटीएफ ने शनिवार को हवाला कारोबार से जुड़े तीन चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से उनके भारतीय फर्जी आधार कार्ड भी बरामद किए हैं। तीनों आरोपी पूर्व में नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिक और उसके दोस्त नटवरलाल के करीबी हैं। एसएसबी टीम ने जून माह में बिहार के सीतामढ़ी स्थित नेपाल बॉर्डर से चीन के दो नागरिकों लू लैंग और यूं हेलंग को बिना पासपोर्ट-वीजा पकड़ा था। इन दोनों के चीनी जासूस होने का शक था। पूछताछ में सामने आया है कि ये चोरी से 24 जून को भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। इसके बाद टैक्सी से नोएडा आए थे। इसके बाद पुलिस ने चीनी नागरिक सुफाई और उसके दोस्त रवि उर्फ नटवरलाल, रवि की मंगेतर ईबीना सहित अन्य को गिरफ्तार किया था। सभी पर आरोप है कि यह भारत में जासूसी कर रहे थे। इसके अलावा हवाला के जरिए चीन में करोड़ों रुपये भेज रहे थे। एसटीएफ ने इस गिरोह से जुड़े तीन और चीनी नागरिकों को शनिवार को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान चेन जुनफेंग, लीयू पेंगफिआई और झांग क्यूशाओ के रूप में हुई है। तीनों सेक्टर-93 के बी ब्लॉक में रह रहे थे।



### अब तक 17 लोग पकड़े गए

इस मामले में अभी तक दस चीनी नागरिकों समेत 17 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। नोएडा और ग्रेनो में अवैध रूप से रहने वाले इन चीनी नागरिकों के पूरे खेल का खुलासा बिहार के सीतामढ़ी में 11 जून को पकड़े गए दो चीनी नागरिकों लू लैंग और यू हेलेंग की गिरफ्तारी के बाद मिले इनपुट के बाद हुआ था। ये दोनों बिना पासपोर्ट और वीजा के अवैध रूप से सीमा पार करने का प्रयास कर रहे थे। 13 जून को नोएडा पुलिस ने चीनी नागरिक सुफाई और प्रेमिका पेटेख रेनुआ को गिरफ्तार किया था।

## NIA की बड़ी कार्रवाई, 6 राज्यों में ISIS के 13 संदिग्ध ठिकानों पर छापामारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को 6 राज्यों में 13 संदिग्ध ठिकानों पर कार्रवाई की है। एनआईए को एक मामले की जांच के दौरान संकेत मिले थे कि आतंकी सगंठन सोशल मीडिया के जरिए भारत में जड़े जमाने की कोशिश कर रहा है। इन्हीं कड़ियों को जोड़ा गया तो कई राज्यों से लिंक मिले। इसी संबंध में रविवार को बिहार, यूपी, एमपी, कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र में छापे मागे गए। मध्य प्रदेश के भोपाल, बिहार के अररिया और उत्तर प्रदेश के देवबंद में यह कार्रवाई की गई है ।अब तक की जानकारी के मुताबिक, एनआईए को इन स्थानों से आपत्तिजनक सामग्री मिली है। इनमें कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी मिली है। इनमें डिवाइस में आईएसआईएस के आकाओं के आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण हैं ।ISIS ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भारत में जड़े जमाने की कोशिश की है। इसके लिए युवाओं को जोड़ा जा रहा है। भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। कुछ युवा भर्ती होने के लिए आगे भी आए हैं,। जांच के दौरान एनआईए को कुछ लोगों के नाम, पते और मोबाइल नंबर भी मिले हैं। अब इनके बारे में ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है। कहा जा रहा है कि एनआईए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करेगी। कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया जा सकता है। देवबंद में भी यूपी एटीएस और एनआईए की

## पीएमटी में फर्जी उम्मीदवार बैठाने पर 5 लोगों को कारावास

**इंदौर,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कुख्यात व्यापमं घोटाले से जुड़े पीएमटी फर्जीवाड़े के मामले में इंदौर की विशेष अदालत ने पांच लोगों को शनिवार को सात-सात साल के कारावास और हरेक को 10,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। इनमें असली उम्मीदवारों के स्थान पर पर्चा देने वाले उत्तर प्रदेश के दो फर्जी परीक्षार्थी (सॉल्वर) शामिल हैं। अभियोजन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विशेष लोक अभियोजक रंजन शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि व्यापमं घोटाले के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता ने सत्यपाल कुस्तवार, शैलेंद्र कुमार, रवींद्र दुलावत, आशीष उत्तम और संजय दुलावत को मुजरिम करार देते हुए सजा सुनाई। शर्मा के मुताबिक अभियोजन की ओर से 70 लोगों की गवाही के आधार पर यह सजा भारतीय दंड विधान और मध्यप्रदेश मान्यताप्राप्त परीक्षा अधिनियम के संबद्ध प्रावधानों के तहत सुनाई गई।



## नोटों के बंडल के साथ पकड़ाए विधायक निलंबित भाई बोला- आदिवासियों के गिफ्ट के पैसे थे

**रांची एजेंसी।** झारखंड के तीन विधायकों की गाड़ी से बंगाल के हावड़ा में बरामद लाखों रुपए का मामला उलझता जा रहा है। पूरे मामले में जहां जमकर राजनीति हो रही है, वहीं कांग्रेस ने तीनों विधायकों को निलंबित कर दिया है। पार्टी महासचिव और झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, कल नकदी के साथ पकड़े गए तीन विधायकों को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। ये विधायक हैं- इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगारी। हावड़ा पुलिस ने शनिवार शाम कार्रवाई को अंजाम देने के बाद बताया, विधायकों के अलावा एसयूवी में दो अन्य व्यक्ति भी थे, जिस पर कांग्रेस के चुनाव चिन्ह के साथ चविधायक जामताड़ा झारखंडज्ञ का एक बोर्ड लगा था। इस बीच, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के भाई इमरान ने दावा किया है कि उनके भाई को फंसाने की कोशिश की जा रही है। यह नकदी च्आदिवासियों के लिए उपहारज्ञ खरीदने के लिए थी। हर साल की तरह इस साल भी ये लोग झारखंड से कोलकाता के बड़ा बाजार आए थे। उनके भाई हर साल बड़ा बाजार से आदिवासियों के लिए साड़ी खरीदते हैं। इमरान ने आगे कहा कि जब्त की गई नकदी करोड़ों में नहीं है। मैं अपने विधायक भाई से मिलने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन थाने से पुलिस प्रशासन किसी भी तरह से मदद नहीं कर रहा है।



### पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

## बालाघाट में लगे पोस्टर, माओवादियों ने किया शहीद सप्ताह मनाने का ऐलान

**बालाघाट,यशभारत।** बालाघाट जिले में नक्सलियों ने शहीद सप्ताह मनाने का आह्वान किया है, जिसके बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश के दक्षिण पूर्वी क्षेत्र में स्थित बालाघाट, राज्य के तीन नक्सल प्रभावित जिलों में से एक है जिसमें मंडला और डिंडोरी अन्य दो नक्सल प्रभावित जिले हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आदित्य प्रकाश मिश्रा ने कहा, नक्सलियों ने शुक्रवार को रूपझर थाना क्षेत्र के सोनवानी क्षेत्र में बैनर और पर्चे लगाए जिसमें उन्होंने 28 जुलाई से तीन अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये बैनर इलाके में कैसे पहुंचे। मिश्रा ने कहा, इस क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन स्थिति पर नज़र रखने के लिए गहन गश्त की जा रही है और सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नक्सलियों ने बैनरों और पोस्टरों में मारे गए माओवादियों की याद में शोक सभा आयोजित करने और स्मारक बनाने का आह्वान किया है। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) द्वारा हर साल इस अवधि में शहीद सप्ताह उनके नेता चारू मजूमदार की याद में मनाया जाता है। मजूमदार की मृत्यु 27 जुलाई 1972 को पश्चिम बंगाल में हुई थी। इस साल जून में बालाघाट जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में संभागीय समिति का एक सदस्य सहित तीन नक्सली मारे गए थे।



## अब नगर पालिका व नगर परिषद अध्यक्षों के लिए जोर-आजमाइश

**भोपाल ,यशभारत।** जनपद और जिला पंचायत के बाद अब भाजपा और कांग्रेस नगर पालिका एवं नगर परिषद के अध्यक्षों के चुनाव में जोर-आजमाइश की तैयारी में जुट गई हैं। भाजपा ने जहां अपने विधायक और पदाधिकारियों को मैदान में उतार दिया है, तो कांग्रेस भी पीछे नहीं है। पार्टी ने प्रदेश और जिले के पदाधिकारियों और नेताओं को अपनी परिषद बनाने की जिम्मेदारी सौंप दी है। 15 अगस्त से पहले सभी 76 नगर पालिकाओं और 255 नगर परिषदों में अध्यक्ष चुने जाने हैं। प्रदेश की 143 जनपद और 51 जिला पंचायतों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया हाल ही में पूर्ण हुई है ।इनमें भाजपा और कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनने केलिए पूरा जोर लगा दिया। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चला और प्रदर्शन भी हुए। अब नगर सरकार बनाने की बारी है। इसमें दोनों ही पार्टी पीछे नहीं रहना चाहती हैं। दरअसल, अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से शहरों में भाजपा और कांग्रेस अपना वर्चस्व कायम करना चाहती हैं। भाजपा ने अपनी परिषद बनाने की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर पर नेताओं को सौंपी है। विधायकों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। वे जिला और जनपद पंचायत की तरह परिषद गठन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका में रहेंगे।





## पं. हरिकृष्ण त्रिपाठी मूर्ति अनावरण एवं सम्मान समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा

# विरासत को संभालना और उसमें श्रीवृद्धि बहुत बड़ी उपलब्धि

जबलपुर,यशभारत। विरासत को संभालकर रखना और उसमें श्रीवृद्धि करना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। ऐसा श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के उत्तरोत्तर उन्नयन को देखकर कहा जा सकता है। यह बात मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य, शिक्षाविद्, पत्रकार एवं साहित्यकार पं. हरिकृष्ण त्रिपाठी की मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्यअतिथि की आंसदी से कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के परिश्रम से रोपित यह पौधा एक दिन अवश्य ही विशाल वटवृक्ष का आकार लेगा। साहित्य अकादमी भोपाल एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव एवं महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के पुनीत अवसर पर पत्रकार शिक्षाविद, मूर्धन्य साहित्यकार पं. हरिकृष्ण त्रिपाठी की मूर्ति का अनावरण एवं उनकी स्मृति में व्याख्यानमाला का आयोजन शनिवार को श्रीजानकीरमण महाविद्यालय आगा चौक जबलपुर में किया गया। मूर्ति अनावरण समारोह की अध्यक्षता शरदचंद पालन अध्यक्ष शासी निकाय, श्रीजानकीरमण न्यास, जबलपुर ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. मुकेश तिवारी कुलपति शंभू नाथ विश्वविद्यालय शहडोल, डॉ विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी, संस्कृति विभाग भोपाल, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्राचार्य, श्रीजानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर उपस्थित रहे।

### सृजन के सशक्त हस्ताक्षर का लोकार्पण

कार्यक्रम के शुभारंभ में गंगाधर त्रिपाठी एवं डॉ. कौशल दुबे नें स्वास्ति वाचन किया। तश्पश्चात पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी की मूर्ति का अनावरण राज्यपाल श्री पटेल के द्वारा किया गया। तदुपरांत राज्यपाल एवं समस्त अतिथियों द्वारा पं. हरिकृष्ण त्रिपाठी के संग्रह की कृति सृजन के सशक्त हस्ताक्षर का लोकार्पण किया गया।इस पुनीत अवसर पर संस्था द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकारों एवं शिक्षाविदों जिसमें कोमल चंद जैन, श्रीमजन लाल महोबिया, श्रीमती माया त्रिपाठी, सुश्री रागिनी मार्को को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा ने किया एवं आभार प्रदर्शित करते हुए डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय ने कहा कि, आयोजन की सफलता में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से शामिल सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन, प्रो. ए. सी. तिवारी, सदस्य बृजेश सिंहप्रो. पवन तिवारी, प्रो. आशुतोष दुबे, डॉ. आर. एस. चंडोक, डॉ. नरेन्द्र शुक्ला, डॉ. अतुल दुबे, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. दिलीप हजारी, डॉ. शैलेष जैन, डॉ. अरुणा डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ नुपुर निखिल देशकर, डॉ. अर्चना देवलिया, डॉ. ज्ञानेन्द त्रिपाठी, डॉ. कौशल दुबे, ध्रुव दीक्षित, डॉ. माला, प्यासी, डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. एस. डी. लखेरा, डॉ. शिव कुमार व्यास, डॉ. सुनील देशपाण्डेय, डॉ. आशीष मिश्रा. अभिनव कृष्ण त्रिपाठी डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी, श्रीमती प्रियंका राणा, डॉ. राहुल झारिया, डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. शैलेष प्रसाद, डॉ. मो. जावेद, डॉ. सपना चावला, डॉ. रचना सांचा, शिवचंद वलके, प्रज्ञा दुबे, राहुल बोहरे, अभिमन्यु जैन, यू.एस. दुबे, सुरेश मिश्र विचित्र, डॉ गंगाधर त्रिपाठी, राज सागरी, आशुतोष तिवारी, डॉ. अरुणा पाण्डेय, निरंजन द्विवेदी, नरेश द्विवेदी, श्री संपूर्ण तिवारी, चंद्रगोपाल तिवारी, अक्षत तिवारी, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, पं. अखिलेश चंद्र त्रिपाठी, आशीष



शुक्ला, अशोक बैनर्जी, आशुतोष दीक्षित, श्रीमती अनामिका सिंह, श्रीमती राधा झारिया, मुकेश श्रीवास्तव, हेमन्त सोधिया, हर्षित झा. दविन्दर सिंह ग्रोवर, शिप्रा सुल्लेरे, विनय शर्मा, तनिष्क त्रिपाठी, आदित्य उपाध्याय, मनोज चौरसिया, चंद्रकुमार चौबे, प्रशांत पाठक, अजय मिश्रा सुश्री मीनाक्षी सुश्री श्रुति शुक्ला, तरुण मिश्रा, डैनियल पटेल, गोपाल रैकवार, भूपेन्द्र अहिरवार के साथ एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के स्वयंसेवक व कैडेट्स ने पायलटिंग एवं उमंग भरी अगवानी की। श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ एन.एस.एस. कोर ग्रुप का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## शहादत का पर्व मुहर्रम शुरू इस्लामी नए साल का आगाज



जबलपुर,यशभारत। मुफ़्ती ए आजम मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी के अनुसार 29 जुलाई मुताबिक उन्तीस जिल्हज को मुहर्रम का चाँद नज़र नहीं आया। और ना ही कहीं से उन्तीस का चाँद देखे जाने की शहादत मौसूल हुई। लिहाजा तीस के चाँद के मुताबिक 31 जुलाई को मुहर्रम की पहली तारीख का एलान किया गया है। आगामी 9 अगस्त मुताबिक दस मुहर्रम को यौमे आशूरा रहेगा। इस दौरान यदि उन्तीस के चाँद की शहादते शरीया मौसूल हुई तो दोबारा तारीख में तब्दीली का एलान किया जाएगा। इस्लामी नया साल पहली मुहर्रम से इस्लामी नया साल हिजरी सन् 1444 का आगाज हो रहा है। मौलाना साहब ने शहर वासियों को इस्लामी नए साल की मुबारकबाद देते हुए शहादत का पर्व मुहर्रम अक़ीदत तथा शालीनता एकता और सदभाव के साथ मनाने की अपील की हैं। शालीनता की अपील मुस्लिम बेदार कमेटी के मुख्तार हुसैन अंसारी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, सूफी नईम शाह, हाजी फ़िरोज़ कमाल, पप्पू वसीम खान, हाजी यूनुस ताज, हाजी असरार खान, मोहसिन खान, एजाज उस्मानी, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, चंगेज खान अशरफ़ी, शेख निज़ामी,मोहसिन शाह, इनायत अली शाह, बबलू चाँद कुरेशी, ने नगर वासियों को इस्लामी नए साल की मुबारकबाद पेश करते हुए शहादत का पर्व मुहर्रम भरपूर अक़ीदत तथा शालीनता के साथ मनाने की अपील की हैं। (फाइल फोटो)




# तिरंगा रथों के साथ-साथ रथ सारथियों का भी हो रहा स्वागत सम्मान

**जबलपुर,यशभारत।** जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान का रथ जबलपुर शहर के चारों दिशाओं में प्रचार प्रसार के उद्देश्य से चलाया जा रहा है जिसकी तारीफ नागरिकों द्वारा की जा रही है तथा जहां जहां तिरंगा रथ जा रहा है । उस क्षेत्र के लोग तिरंगा रथ को रोक कर स्वागत सम्मान कर रहे हैं साथ ही साथ रथ चलाने वाले सारथी का भी फूल मालाओं से स्वागत व सम्मान किया कर रहा है । साथ ही रथ के समक्ष खड़े होकर शपथ ले रहे हैं कि 13 से 15 अगस्त तक हम सभी अपने अपने घरों में तिरंगा फहराएंगे। इसी कड़ी में पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन ने अपने साथियों सहित तिरंगा रथ का फूल माला से स्वागत किया और रथ चलाने वाले सारथी का भी फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया और हर-घर तिरंगा अभियान रथ के साथ फोटो सेल्फी भी खिंचवाई। इसी कड़ी में पूर्व महापौर श्रीमती स्वाति गोडबोले और महिला मंडल द्वारा भी राइट टाऊन में तिरंगा रथ का स्वागत किया गया तथा सभी महिलाओं ने सेल्फी फोटो खिंचवाई और शासन के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की प्रशंसा करते हुए जनता से अपील की है कि तिरंगा झंडा से कोई घर वंचित ना हो पाए।

### हर घर तिरंगा अभियान की निगमायुक्त द्वारा समीक्षा

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा तैयारियाँ की जा रही हैं। तैयारियों के संबंध में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी, उपायुक्त मनोज श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन, के साथ-साथ सभी संभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निगमायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की इस महात्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने आप सभी जमीनी स्तर पर कार्य करें। उन्होंने इसके लिए निर्देशित किया कि वाहनों से एनाउंसमेंट कराएँ।

# राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया विक्टोरिया की चिकित्सीय यूनिटों का बारीकी से निरीक्षण

**जबलपुर ,यशभारत।** जिले में विगत दिवस राज्यस्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों का आगमन हुआ जिसमें प्रदेश के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान एवं एनएचएम की मिशन डायरेक्टर सुश्री प्रियंका दास के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण हैं । प्रातः 8:30 बजे मिशन डायरेक्टर प्रियंका दास ने उच्चस्तरीय अधिकारियों के साथ सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय का भ्रमण कर सभी महत्वपूर्ण चिकित्सीय यूनिटों में जाकर बारीकी से निरीक्षण किया, प्रत्येक यूनिट में कर्मचारियों व इंचार्ज से चल रहे प्रोग्राम की जानकारी ली, तथा समस्त रिकॉर्डों का निरीक्षण किया । सभी विभागों में मरीजों से चर्चा कर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं ,अस्पताल की व्यवस्था तथा कर्मचारियों द्वारा किये गए व्यवहार के बारे में भी सम्पूर्ण जानकारी ली । निरीक्षण की हुई यूनिट में डायलिसिस यूनिट,पैथोलॉजी, ब्लडबैंक, माइक्रो बायोलॉजी,टीबी विभाग, सैम्पल कलेक्शन सेंटर, लैब, सीटी स्कैन सेंटर, सोनोग्राफी सेंटर आदि थे । मिशन डायरेक्टर ने सीटी स्कैन व ब्लडबैंक में मरीजों की केस शीट चेक कर उसे कप्यूटर पर किस तरह रिकॉर्ड रखा जाता है की जानकारी विभाग के सम्बंधित कर्मचारियों से ली । सभी जानकारी लेकर आपने सेवाओं के प्रति सन्तुष्टि जाहिर की । जिला चिकित्सालय के निरीक्षण करते समय ममुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया, सिविल सर्जन डॉ राजकुमार चौधरी, आरएमओ डॉ पंकज ग्रोवर, डॉ संजय जैन, डीएचओ डॉ डी जे मोहंती, डॉ के के वर्मा, डीआईओ डॉ शत्रुघ्न दाहिया , डॉ धीरज धवंडे, डॉ अमिता जैन , एमईआईओ अजय कुरील, निहार दीवान, विजय पांडे,दीपिका साहू,संदीप नामदेव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी साथ मे रहे । इसके बाद मिशन डायरेक्टर प्रियंका दास ने वर्तमान में चल रहे दस्तक अभियान का निरीक्षण करने तथा कोविड अमृत महोत्सव के तहत चल रहे कोविड टीकाकरण की जमीनी हकीकत जानने के लिए फील्ड विजिट किया ।



## प्रमोद चौधरी बने भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जबलुपर यशभारत।** भारतीय किसान संघ से संबद्ध भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर के चुनाव दिल्ली में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी की उपस्थिति में संपन्न हुये। जिसमें महाकौशल प्रांत के जबलपुर निवासी



प्रमोद चौधरी को भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। साथ ही डॉ. मकरंद करकरे राष्ट्रीय महामंत्री, डॉ. एस के दुबे व एडवोकेट विलास सोनावाने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डॉ. आषुतोष मुरकुटे संयुक्त सचिव, सुहास मनोहर को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया। विदित हो कि प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यतः किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने सहित अन्य कृषि विषयों पर घोषित समिति में भी भारतीय किसान संघ से प्रमोद चौधरी का भी नाम शामिल है।जबलपुर से प्रमोद चौधरी को भारतीय एग्रो इकानामिक रिसर्च सेंटर का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल, महाकौशल प्रांत के प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनारायण पचौरी, प्रांत कोषाध्यक्ष विजय गोटिंया, जिलाध्यक्ष मोहन तिवारी, आलोक पटैल, जिला सहमंत्री धनंजय पटेल, जिला उपाध्यक्ष सुनील पटेल, रामदास पटेल, रीतेश पटेल, रामदास पटैल, रामकृष्ण सोनी, रीतेश पचौरी, मनीष पचौरी, यश गोंटिया, भानू पटैल, आषीष पटैल, छिदामी साहू, गनेश तिवारी, प्रकाश पटैल, सुरेश पटेल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### टाइगर का संरक्षण इकोसिस्टम के लिये महत्वपूर्ण

# रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एक्ससेलेन्स का आयोजन

**जबलपुर,यशभारत।** टाइगर डे पर रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एक्ससेलेन्स ने स्टेट फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट पोलिपाथर के साथ मिलकर जागरूकता वक्तव्य व वाइल्ड लाइफ म्यूजियम भ्रमण किया। टाइगर डे पर रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एक्ससेलेन्स के अध्यक्ष मयंक सिंह ठाकुर, सचिव पवन केशरवानी, टाइगर डे कार्यक्रम संयोजक समीर केशरवानी, अंकुर पाहवा, प्रियंक ठाकुर, रोटरी के सह प्रनतपाल अमित जैन, संकल्प जैन उपस्थित रहे व एस एफ आर आई के डायरेक्टर अमिताभ अग्निहोत्री व



डॉ अनिरुद्ध मजूमदार का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन विशेष रहा। टाइगर का संरक्षण पूरे इकोसिस्टम के लिये कितना महत्वपूर्ण है के लिए उदाहरण दिये गए के कैसे प्रीडेटर के न होने से हिरण आदि नदियों के पास अधिक रहते हैं और नदियां पतली हो गयी , जो शेर के होने से 12 माह बहने लगीं। समापन पर रोटरी एक्ससेलेन्स सचिव पवन केशरवानी जी जो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर हैं ने नारा दिया कि शूट टाइगर विथ कैमरा नॉट विथ गन। ।

## हरियाली तीज का उल्लास

# विशेष योग में मनाया जा रहा हरियाली का पर्व



**जबलपुर,यशभारत।** सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया 31 जुलाई रविवार को रवि, ध्रुव योग में हरियाली तीज मनाई जा रही। इस पर्व को नागपंचमी से दो दिन पहले मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं। पुरोहितों के अनुसार हरियाली तीज के दिन भगवान शंकर व माता पार्वती की पूजा की जाती है। इस तीज को छोटी तीज या श्रावण तीज के नाम से जाना जाता है। आज महिलाएं सोलाह श्रृंगार करेंगी। भगवान शिव व माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक हरियाली तीज का त्योहार भगवान शिव व माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है। इस दिन महिलाएं माता पार्वती की पूजा करती हैं व सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना करती हैं। महिलाएं नए वस्त्र, विशेषतः हरी साड़ी में सज-धज कर अपने मायके जाती हैं व तीज के गीत गाते हुए हर्षोल्लास के साथ झूलने का आनन्द लेती है और पर्व मनाती है।

### शुभ मुहूर्त-

तृतीया तिथि शुरू ः जुलाई 31 को दिन में 02:59 बजे से तृतीया तिथि समाप्त ः अगस्त एक दिन 04:18 बजे तक। बन रहा रवि, ध्रुव योग ः हरियाली तीज पर रवि, ध्रुव योग का शुभ संयोग बन रहा है। रवि योग को ज्योतिष शास्त्र में शुभ फलदायी माना जाता है। इस योग में किए गए कार्य को श्रेष्ठ माना जाता है। रवि योग 31 अगस्त को दोपहर 2ः20 बजे से शुरू होकर एक अगस्त को सुबह 6ः04 मिनट तक रहेगा।

### कटंगी की गिरिजा बाई धर्म शाला में पौधा रोपण

जबलपुर,यशभारत। उड़ान वेलफेयर की तरफ से नगर




कटंगी में गिरिजा बाई धर्म शाला में हरियाली अमावस्या को पौधा रोपण किया, जिसमें सपना कुकरेले ,सविता विश्वकर्मा, मौसम पटेल ,मधु पटेल, नंदनी ,प्रिया ,तृप्ति झारिया, नेंशी झारिया सुहानी झारिया ,सचिन तिवारी ,शिवराज सिंह चौहान समस्त सदस्यों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ पौधा पौधारोपण किया । साथ ही उमेश कटारे के द्वारा 51 पौधे आधारताल में लगाए गए।

### हरियाली झूला महोत्सव एवं पौधारोपण

जबलपुर,यशभारत। रविंद्र नाथ टैगोर गार्डन सदर में ऐश्वर्या महिला मंडल के महिला सदस्यों ने हरियाली झूला महोत्सव बड़े धूमधाम से



मनाया महिला सदस्यों ने झूला झूला एवं कई प्रकार के गेम भी खेले एवं महिला सदस्यों द्वारा पौधारोपण भी किया गया जिसमें आम के पौधे लगाए गए सभी सदस्यों ने प्राकृतिक को हरा भरा रखने की शपथ भी लिया सभी बहनों ने बड़े खुशी के साथ नाच गाकर महोत्सव मनाया सामिल सदस्य सुमन, सुधा, संध्या, शौर्य, गुड्डी, रश्मि ,मीनल, ममता नामदेव, संगीता, आरती, शिवानी, मधु ,प्रीति, श्यामलता पुष्पा आदि बहनें शामिल हुए।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार के वृक्ष गंगा अभियान के तहत 1008 पौधों का रोपण

जबलपुर,यशभारत। धरती मां की गोद को हरी-भरी करने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए गायत्री परिवार ट्रस्ट, जबलपुर द्वारा किया जायेगा , प्रातः 8ः00 बजे वृक्ष गंगा रैली निकाली जाएगी जो कि गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर से प्रारंभ होकर बरगी बांध के लिए प्रस्थान करेगी। प्रातः काल 9ः30 पर तरु रोपण महायज्ञ प्रारंभ किया जाएगा, तत्पश्चात ग्राम खापा ग्वारी, मैकल रिसोर्ट्स के सामने, बरगी बांध, में सम्माननीय जिलाधीश *डा. इलैयाराजा टी के मुख्यातिथ्य में 1008 पौधों का रोपण किया जायेगा । यह कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में चलाए जा रहे सप्त सूत्रीय कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी श्री प्रमोद राय जी द्वारा सभी से वृक्ष गंगा रैली में शामिल होने एवं पोधे रोपण हेतु सहयोग की अपील की है।

2005 से अग्रणी
2022-2023 सत्र हेतु प्रवेश
महात्मा गांधी महिला कम्प्यूटर इन्स्टीट्यूट
(माखन लाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय से)
बेसिक कम्प्यूटर कोर्स
PGDCA योग्यता स्नातक
DCA योग्यता बारहवीं
BCA योग्यता बारहवीं
TALLY
CPCT
TYPING
सफलता के 16 वर्ष
आयुष गैलरी के ऊपर, होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर जबलपुर- 9111167794, 6265955100

SINCE 1995
METC
AN INSTITUTE OF COMPUTER & VOCATIONAL EDUCATION
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.वि.वि. से संबद्ध
PGDCA
प्रवेश प्रारंभ
TALLY PRIME
DCA
सर्वश्रेष्ठ परिणाम
CPCT SPECIAL BATCHES
AIECCE New Delhi संबद्ध
NTT
नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग
Elg.-10",12"/Graduate
FREE
Seminar, GDPL, Course Material & Skill Dev.
3rd फ्लोर, मोहित चेम्बर्स, राईट टाउन- 9302227789 | राजुल सिटी गंगानगर, गढ़ा-9303327788

स्थापना 1948
74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

## 11 अगस्त को रक्षा बंधन, बाजार में भीड़

# भाई-बहन के स्नेह पर्व पर इस साल भद्रा का साया

**जबलपुर,यशभारत। भाई-बहन के रिश्ते के अटूट प्रेम के प्रतीक का त्यौहार इस साल 11 अगस्त गुरुवार को मनाया जाएगा है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। वहीं भाई भी अपनी बहन को जीवन भर रक्षा का वचन देते हैं। वहीं ज्योतिष के अनुसार इस साल राखी पर भद्रा का साया होने वाला है। ज्योतिषाचार्य पं. वासुदेव शास्त्री के अनुसार, भद्रा काल में राखी बांधना अशुभ माना जाता है।**

### राखी बांधने के शुभ मुहूर्त

इस साल पूर्णिमा 11 अगस्त को सुबह 10.38 से शुरू होगी जो कि 12 अगस्त को सुबह 07.05 पर समाप्त हो जाएगी राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 11 अगस्त को सुबह 09.28 से रात 09.14 तक रहेगा। वहीं इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहने वाला है। भद्रा पुंछ 11 अगस्त को शाम 05.17 से 06.18 तक रहेगी। वहीं भद्रा मुख शाम




06.18 से रात 08.00 तक रहेगी। भद्राकाल का समापन रात 08.51 पर होगा।
हालांकि पंचांगों में भद्राकाल के समय को लेकर मतभेद होने से संशय की स्थिति बनी हुई है। कुछ पंचांगों में भद्राकाल का समय गुरुवार को दोपहर 2:38 बजे तक ही है। बावजूद इसके पंडितों का कहना है कि भद्रा योग समाप्त होने पर राखी बंधवाएं और ज्यादा जरूरी हो तो प्रदोषकाल में शुभ, लाभ, अमृत में से कोई एक चौघड़िया देखकर राखी बंधवा सकते हैं। इस दिन यदि भद्रा का अशुभ योग है तो आयुष्मान, सौभाग्य, रवि और शोभन जैसे शुभ योगों का संयोग भी रहेगा, जो भद्रा के प्रभाव को दूर करेगा।

### भद्राकाल में क्यों नहीं बांधी जाती राखी

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भद्रा में राखी न बंधवाने के पीछे का कारण है कि लंकापति रावण ने अपनी बहन भद्रा में राखी बंधवाई थी और एक साल के अंदर ही उसका विनाश हो गया था। इसलिए इस समय को छोड़कर ही बहनें अपने भाइयों को राखी बांधे। वहीं यह भी कहा जाता है कि भद्रा शनि महाराज की बहन है। उन्हें ब्रह्मा जी ने श्राप दिया था कि जो भी भद्रा में शुभ काम करेगा। उसका परिणाम अशुभ ही प्राप्त होगा। इसके अलावा राहुकाल में भी राखी नहीं बांधी जाती है। रक्षाबंधन पर शुभ मुहूर्त देखकर ही राखी बांधने का रिवाज होता है। रक्षाबंधन का त्योहार आने से पहले बाजार में रंग बिरंगी राखियां आ चुकी हैं। आप अपने भाई के लिए एक सुंदर सी राखी अभी से लेकर रख लें।

### सूर्य और छाया की पुत्री भद्रा शनि की बहन है

शास्त्रों के अनुसार सूर्य और छाया की पुत्री भद्रा शनि की बहन है। भद्रा को कुरूप और भक्षण प्रवृत्ति का माना गया है। वह जन्म के समय ही सृष्टि का विनाश करने पर उतारू थी। उसे ब्रह्मा ने शांत कर 7वें करण में स्थान दिया। तब से इस योग में रक्षाबंधन और अन्य शुभ कर्म करना वर्जित माना गया है।

### पाताल में भद्रा का निवास इसलिए अशुभ प्रभाव

इस बार रक्षाबंधन के दिन भद्रा का निवास पाताल लोक में है। इसलिए इसका प्रभाव अशुभ होगा। जब भद्रा निवास आकाश लोक में रहता है तो शुभ कार्य किए जा सकते हैं।

# आधारताल में ऑटो पलटा
## 7 यात्री घायल, हाथ फैक्चर

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल तिराहा के आगे हनुमान मंदिर के समीप एक सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया । ऑटो में 7 लोग सवार थे। जो हादसे के दौरान रोड में बुरी तरह गिर गए। जिसमें एक व्यक्ति को गंभीर चोट आई है उसके हाथ में फैक्चर हो गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। उल्लेखनीय है कि अधारताल महाराजपुर मार्ग पर सड़क निर्माण के चलते आए



दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं । जिसमें अनेक राहगीर घायल हो रहे है। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बाद भी प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

# दहेज लोभियों ने किया दाने-दाने को मोहताज

**लाखों रुपये की मांग , पीड़िता को घर से निकाला, कहा- ऐसे विवाह की मान्यता नहीं**

जबलपुर, यशभारत। विजय नगर में दहेज की लालच में पीड़िता से जमकर मारपीट कर, घर से निकाल दिया गया । इतना ही नहीं ससुराल पक्ष लाखों रुपयों की लालच में इतना अंधा हो गया कि पीड़िता को कई-कई दिनों तक खाना तक नहीं देते थे। इतना ही नहीं कम दहेज के लिए आरोपियों ने वैवाहिक मान्यता को खत्म करने की बात भी कही। जिसके बाद रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जाचं में लिया है। पुलिस ने बताया कि 41 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि विवाह के समय उसके मायके पक्ष ने नगद रुपये सहित सोने-चांदी के जेवरात दिए थे। लेकिन शादी के बाद से ही पति और सास व ननद उसे मायके से दहेज लाने ताने कसते थे। उसने यह शिकायत अपने मायके पक्ष में की। लेकिन उन्होंने कहा कि समय के साथ सब शांत हो जाएगा। शुरु में सभी को परेशानी होती है। लेकिन बात बढ़ती गई और ससुराल वालों के जुल्म बढ़ते गए। आए दिन छोटी-मोटी बातों को लेकर मारपीट शुरु कर दी और कुछ कहने पर दहेज का ताना। जिससे वह तंग आ चुकी है। जब उसने विरोध किया तो दाने-दाने को मोहताज कर दिया और मारपीट कर घर से बेदखल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# स्कूली विद्यार्थियों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**जबलपुर, यशभारत।** एनडीआरएफ बनारस की टीम द्वारा शनिवार को गोलबाजार स्थित डीएन जैन स्कूल के छात्रों को आपदा से बचाव एवं प्रबंधन पर टीम कमांडर निरीक्षक बिसपाल लाल की अगुवाई में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में छात्रों को सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाने, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, आग से बचाव की तकनीक, रस्सी से बचाव की तकनीक, अग्निशमन यंत्र का उपयोग, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाने, सड़क सुरक्षा, हीट स्ट्रोक से बचाव आदि की व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को केवल किताबी रूप से चीजों को नहीं समझाया गया, बल्कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को प्रायोगिक तौर पर आपदा प्रबंधन के विभिन्ना तरीकों से भी अभ्यस्त कराया गया। शाला के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन पर स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय गोंटिया और सिविल डिफेंस के सुनील गर्ग ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को शिक्षाप्रद बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से शाला के छात्र एवं अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने व दूसरों के जीवन को बचाने में सहयोग प्रदान कर पाएंगे। छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली एनडीआरएफ की टीम में सहायक उपनिरीक्षक संचार जितेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार, मुख्य आरक्षी रामकरण एवं पवन, रेस्क्यूर बृजेश कुमार यादव, विपिन कुमार दुबे, नंदकिशोर एवं दिवेश कुमार शामिल रहे।

# नाग-नागिन के जोड़ें की प्रणय लीला

**जबलपुर, यशभारत।** बारिश के समय अक्सर जंगलो में, मैदानो में आपने नाग-नागिन के जोड़ो को प्रण्य लीला करते हुए देखा ही होगा। पर अब इस तरह के दृश्य शहरों में भी दिखाई देने लगें है। जबलपुर शहर के रांझी स्थित नवनीत इनकेलब अपाटर्ज़मेंट में गुरुवार को नाग- नागिन का जोड़ा प्रण्य लीला करते हुए देखा गया। स्थानीय लोगों ने अपने-अपने मोबाइलों से इस दृश्य का वीडियो भी बनाया। तकरीबन आधे घंटे तक नाग - नागिन का जोड़ा उसी स्थान पर रहें और फिर अचानक ही गायब हो गए।

### लोगों दहशत का माहौल

कॉलोनी में नाग-नागिन का जोड़ा दिखने के बाद लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। आनन फानन में लोगों ने सर्प विशेषज्ञ को बुलाया। सपज़ विशेषज्ञ भी तकरीबन एक घंटे तक कालोनी में घूम रहें नाग नागिन के जोड़े को तलाश करते रहें



पर जब नही दिखे तो थक हारकर वह भी चले गए। नाग नागिन के कॉलोनी में आ जाने से लोगों में डर बना हुआ है।
कॉलोनी में रहने वाले शैलेंद्र जैन बताते हैं कि जब से उन लोगों ने नाग नागिन के जोड़े को देखा है। तब से डर का माहौल बना हुआ है। कैंपस में 35 से अधिक परिवार रहते हैं। बच्चे भी नाग-नागिन के डर से घर के भीतर ही सहमे हुए है। आज भी सपज़ विशेषज्ञ को कॉलोनी में बुलाया गया था। पर घंटों तलाश के बाद नाग-नागिन नहीं मिले।जब मोबाईल चलन में नही था उस समय इस तरह के वीडियो को देखने के लिए सालों इंतजार करना पड़ता था। पर अब मोबाइल में ऐसे नजारों को अब आसानी से लोग अपने कैमरों में कैद कर रहे है। अपने कैमरों में इस तरह के नजारों को कैद करने के लिए वाइल्ड लाइफफोटो ग्राफ्सज़ को सालों इंतजार करना पड़ता था। लेकिन तकनीकी युग में अब यह चीजें बहुत आसान होती जा रही है।




# आर एन टैगोर विश्वविद्यालय का शिक्षा एवं कौशल संवाद कार्यक्रम

जबलपुर यशभारत। स्कूली छात्रों को केरियर की दृष्टि से मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा अनूठी पहल का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मप्र के विभिन्न शहरों में शिक्षा एवं कौशल संवाद कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जहाँ शिक्षक एवं छात्र बड़ी संख्या में प्रतिभागिता कर रहे हैं। इसमें जहां एक ओर छात्रों को केरियर के उभरते ट्रेंड्स सेअवगत कराया जा रहा है और वहीं शिक्षकों के साथ पठन पाठन को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की जा रही है। इसी कड़ी में जबलपुर शहर में भी शिक्षा एवं कौशल संवाद का आयोजन किया गया। इसमें बतौर अतिथी डॉ एस श्रीवास क्षेत्रीय निदेशक श्याम सोनी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय सिंह कुलसचिव रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय आर के द्विवेदी जी आई डायरेक्टर आई टी आई डॉ विवेक श्रीवास्तव असिस्टेंट डायरेक्टर इग्नू मौजूद रहे। इस मौके पर श्री सोनी ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है। शिक्षा एवं कौशल संवाद कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। जिसमे मुकेश तिवारी श्रीमती आराधना गौतम,अशोक कुमार माडल स्कूल अन्विता सिंह सी एम राइज स्कूल शोभा दुबे शिल्पी नामदेव अनिल पटेल ज्ञानोदय स्कूल डॉ अर्चना मिश्रा हायर सेकेंडरी स्कूल, प्रो अंकित दुबे सेंट एलायसिस कॉलेज इस कार्यक्रम में भी एस श्रीवास निदेशक इस से नई शिक्षा नीति के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय उप कुलसचिव अनिल तिवारी प्रो जीतेन्द्र अहीर क्षेत्रीय प्रबंधक निशांत श्रीवास्तव और समस्त स्टाफ क्षेत्रीय कार्यालय संपन्न कराया । कार्यक्रम मे आईसेक्ट ब्रांच स्किल नॉलेज प्रोवाइडर सेंटर और बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों के छात्र शिक्षक मौजूद रहे।

# सिगरेट की वसूली मांगना दुकान संचालक को पड़ा भारी
## भाई से मारपीट कर तोड़ दिए हाथ पैर, तीन आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

जबलपुर, यशभारत। थाना संजीवनीनगर में पान दुकान संचालक को सिगरेट की उधारी वसूलना भारी पड़ गया। जिसके चलते तीन आरोपी गालीगलौच करने लगे। जब दुकान संचालक के भाई ने बीच-बचाव किया तो जमकर मारपीट कर, हाथ और पैर में चोट पहुंचा दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रोहित सिंह राजपूत 30 वर्ष निवासी बरगी हिल्स कालोनी तिलवारा ने बताया कि वह कछपुरा ब्रिज के नीचे सब्जी मंडी के सामने पान की दुकान चलाता है। जब वह अपनी दुकान पर था तभी सक्षम उर्फ बबईया अपने दोस्त करन विश्वकर्मा और सागर चौहान के साथ उसकी दुकान पर सिगरेट पीने के लिये आये और उससे उधार सिगरेट मांगने लगे। जिस पर उसने सक्षम से अपने पुराने पैसों का हिसाब करने के लिये कहा एवं उधारी के रूपये मांगे, इसी बात पर सक्षम एवं सक्षम का दोस्त उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसने गालियां देने से मना किया तो उसके एवं बीच बचाव करने आये भाई रविन्द्र के साथ मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया।

# अवैध हथियार रखने के मामले में सजा यथावत

**जबलपुर,यशभारत।** अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार की अदालत ने अवैध हथियार रखने के आरोपित मनकेड़ी, बेलखेड़ा निवासी तामन सिंह को पूवज़ में सुनाई गई दो वषज़ के कठोर कारावास व एक हजार रुपये जुमानज़े की सजा यथावत रखी। इसी के साथ उसकी अपील निरस्त कर दी गई। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आदिल अहमद खान की अदालत ने आरोपित को सजा सुनाई थी। उस सजा को अपील के जरिये चुनौती दी गई है। दरअसल, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तामन सिंह मालापुर में हिरण नदी के किनारे देशी कट्टा लेकर गलत इरादे से घूम रहा है।

# वेटरनरी विश्वविद्यालय को नहीं मिलेगा नया डीन फैकल्टी

**जबलपुर, यशभारत।** वेटरनरी विश्वविद्यालय में जल्द ही प्रशासनिक फेरबदल हो सकता है। इसके लिए प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। इधर विश्वविद्यालय के डीन फैकल्टी रहे डा.एमके मेहता आज सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इनके बाद इस पद पर बैठने वाले कई दावेदार तैयार हैं। इस दावेदारी में जबलपुर से लेकर महू और रीवा से भी नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस पद को फिलहाल खाली ही रखना चाहता है। वजह विवि अब इस पद पर चयनित डीन फैकल्टी बैठाना चाहता है। इससे पूवज़ इस पद पर रहे डा. एसएन परमार से लेकर डा. आरपीएस बघेल समेत सभी प्रभारी डीन की कुसीज़ संभाल रहे । सूत्रों की माने तो इस पद पर बैठने के लिए कई दावेदारों ने दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। इसके लिए वे भोपाल से लेकर कई बड़े राजनेताओं की भी मदद ले रहे हैं। हालांकि विवि के कुलपति प्रो.एसपी तिवारी ने डीन फैकल्टी की कुसीज़ में नया प्रभारी बैठाने की बजाए, इसकी जिम्मेदारी खुद संभालने का निणज़्य लिया है। इससे कईयों की दावेदारी और सपने पर पानी फिर गया है। इधर कुलपति ने डीन फैकल्टी से जुड़े कायोज़ को विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों के बीच विभाजन कर दिया है, ताकि काम प्रभावित न हो।



# यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल में स्कूल केबिनेट का गठन

**जबलपुर,यशभारत।** सभी निर्वाचित हुए छात्र उत्साह से भरें हुए दिखाई दे रहे थें, सुबह से ही विद्यालय में चहल-पहल दिखाई दे रही थीं, दिन था यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, अधारताल, जबलपुर की इन्वेस्टर सेरेमनी का कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया, इसके बाद नवनिर्वाचित स्कूल केबिनेट को बैज, और स्कूल एवं हाउस ?लैग दिए गए। इस कार्यक्रम के अतिथि श्रीमती सोनल तिवारी शाला प्राचार्य, संचालक यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल डॉ विजयकांत तिवारी रहे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। इसके पश्चात सभी स्कूल कैबिनेट को बैज प्रदान किये गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, राहुल राजपूत, राशि तिवारी, शिखा नेमा, अंकिता तिवारी, दीपिका नेमा का सहयोग रहा। सफल संचालन अंशिका खरे और इशिका खरे द्वारा किया गया।

# गड्ढे दुरुस्त करो तभी निकलेंगे देंगे वाहन ग्रामीणों ने लगाया जाम

### दोनों और का यातायात प्रभावित मौके पर पहुंची पुलिस



जबलपुर यश भारत। गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खमरिया में ग्रामीणों द्वारा मार्ग बंद कर दिया ग्रामीणों द्वारा यह मांग रखी गई है कि प्रधानमंत्री मार्ग में भारी वाहनों का आना-जाना प्रतिबंध है इसके बावजूद भी इस मार्ग पर हाईवा डंपर आदि दौड़ रहे हैं जिसके कारण इस मार्ग में जगह जगह गड्ढे हो जाने के कारण मार्ग पूरा क्षतिग्रस्त हो गया है लोगों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग से निकलने वाले भारी वाहनों द्वारा जहां जहां पर मार्ग में गड्ढे हुए हैं उनको दुरुस्त कराया जाए इसी मांग को लेकर आज सुबह से खमरिया ग्राम में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस मामले में गोसलपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खमरिया ग्राम मैं प्रधानमंत्री सड़क है इस मार्ग में भारी वाहनों का आवागमन होने के कारण यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे ग्रामीणों में भारी वाहन चालकों के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है कि जहां जहां पर भारी वाहनों के कारण इस मार्ग में गड्ढे हुए हैं उस जगह पर वाहन चालकों द्वारा इसकी मरम्मत कराते हुए मार्ग को दुरुस्त किया जाए तभी इस मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन चालू होगा पुलिस ने बताया कि इस मामले की सूचना संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी जा चुकी है समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों द्वारा इस मार्ग को बंद किए हुए हैं वहीं ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय बाद इस मार्ग की सौगात प्राप्त हुई अब यह मार्ग एक बार फिर दुर्दशा को प्राप्त हो रहा है वाहन चालकों को चाहिए कि इस मार्ग से वह अपना आवागमन चालू रखना चाहते हैं

# वन है तो जीवन है संकल्प के साथ वृक्षारोपण



जबलपुर यशभारत।धरती पर हरियाली रहेगी तो जीवन में खुशहाली रहेगी इसी भावना के साथ सुरक्षा कर्मचारी यूनियन(इंटक) खमरिया ने वेस्टलैंड ग्राउंड में सैकड़ों वृक्ष लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक बी.बी. सिंह ने नारा दिया कि पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ।अध्यक्षता कर रहे अरुण कुमार दुबे ने कहा कि खमरिया में हरियाली रहे यही हमारा संकल्प है। महामंत्री आनंद शर्मा ने बताया कि वृक्षारोपण का कार्यक्रम यूनियन द्वारा हर वर्ष बरसात के मौसम में किया जाएगा एवं हमारा लक्ष्य रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाकर हम उन्हें संरक्षण दे । हमारा नैतिक दायित्व पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने का बनता है। उसी तारतम्य में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें अनुपम भौमिक धर्मेंद्र रजक मुकेश विनोदिया अखिलेश पटेल अनिल गुप्ताआशीष तिवारी जीजो सी जैकब। टी राबिन जीवन सिंह अनुज मिश्रा राहुल पटेल सुनील खत्री रवि चंद्रा ललित जाट संतोष मिश्रा रामबाबू मीणा हरी शंकर राहुल पटेल प्रकाश सिंह जालम सिंह धाकड़ सनी बिरडे शंभू शारदा प्रसाद गणेश विमल कृष्णा पवन हनुमान मीणा आदि उपस्थित थे।

# अलंकरण समारोह में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

जबलपुर,यशभारत । सनातन धर्म पब्लिक स्कूल हाथीताल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 30 छात्र और छात्राओं को मिलकर छात्र परिषद का गठन किया गया। सभी अतिथियों ने इन छात्रों को बैचेंस और सैश पहनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि में पूर्व मंत्री चंद्र कुमार भनोत मौजूद रहे। वहीं स्कूल की प्राचार्या मौलश्री दुबे ने सभी बच्चों को बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी छात्रों ने अपने-अपने दल का ध्वज लिया। इस दौरान छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयधात) | सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप | बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना | बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर





# नाग पंचमी और अखाड़ों की परंपराएं...

**आगामी 2 अगस्त को सावन महीने की पंचमी को नाग पंचमी का त्योहार पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारियां हैं। इस बार नाग पंचमी चार विशेष संयोगों में मनाई जाएगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शिव मंदिरों में भोलेनाथ के साथ नागदेवता की पूजा अर्चना की जाएगी। इस दिन नाग देवता का पूजन करने से विशेष फल प्राप्त होता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नाग पंचमी हर साल सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। इस बार नाग पंचमी सावन के तीसरे सोमवार के बाद मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दिन मंगलवार पड़ेगा। मंगलवार होने से संजीवनी योग बन रहा है। इसके साथ ही इस दिन पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और हस्त नक्षत्र का भी खास संयोग बन रहा है। इस दिन रवि योग और सिद्धि योग का भी खास संयोग है, जिसके चलते इस दिन गौरी मंगला योग बन रहा है।**



## हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं अखाड़े

आते है जहां वो दंड बैठक से लेकर डंबल करते हैं वही अपने वरिष्ठ जनों से कुश्ती के दांवपेच भी सीखते हैं कुल मिलाकर कहा जाए तो जिम संस्कृति के बीच आज भी अखाड़ों का अपना विशेष स्थान है यदि अखाड़ों की बात की जाए तो शहर की हर इलाके में अखाड़े और व्यायाम शाला मिल जाएंगे शहर के प्राचीन और प्रतिष्ठित अखाड़ों की बात की जाए तो सबसे पहले कोतवाली थाने के पीछे स्थित फकीरचंद उस्ताद अखाड़े का नाम सामने आता है इसका इतिहास करीब 200 साल पुराना बताया जाता है इसके अलावा गोरखपुर का



## युवाओं को स्वस्थ एवं सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है

पौराणिक कथाओं के अनुसार नाग पूजा हिंदू धर्म का एक अंग है वर्षा ऋतु में मनाई जाने के कारण इसे वर्षा की उपादेयता से संबंधित भी माना जाता है इस दिन दूध धान की लाई चना श्रीफल आदि से नाग देवता की पूजा की जाती है नाग पंचमी पर अखाड़ों और व्यायाम शाला में महाबली बजरंगबली की पूजन अर्चन के साथ अन्य आयोजन भी किए जाते हैं । ये अखाड़े हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं, युवाओं को स्वस्थ एवं सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा इन अखाड़ों से मिलती है।पूजन और धार्मिक कृत्यों के बाद अखाड़ों के पहलवानों द्वारा पटा बनेटी लेजम तलवार लाठी भाले ,बाना ,बिछुआ ,चक्र और मुगदर चकरी आदि का प्रदर्शन करते हुए नगर भ्रमण किए जाने की भी परंपरा रही है । हालांकि अब विभिन्न अखाड़े अपने अपने क्षेत्रों में ही हैरतअंगेज खेलकूद का प्रदर्शन भ्रमण के दौरान करते है किसी जमाने में मध्य प्रदेश के जबलपुर, इंदौर और भोपाल को पहलवानों का गढ़ माना जाता रहा है । एक समय था जब जबलपुर में 65 से ज्यादा प्रतिष्ठित अखाड़े हुआ करते थे और हर अखाड़ों में भीड़ भी हुआ करती थी । शहर के अखाड़ों से निकले पहलवानों ने ना केवल शहर में होने वाली दंगल मैं भाग लेकर अखाड़ों की शान बढ़ाई तो प्रदेश और देश में भी संस्कारधानी के नाम का डंका बजाया शहर में होने वाले दंगलो से लेकर प्रदेश और देश मैं आयोजित होने वाले दंगलो मैं भी भाग लेकर ना केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि जीत हासिल कर शहर का नाम भी रोशन किया इसका एक लंबा इतिहास है लेकिन समय के साथ अखाड़ों के प्रति लोगों का रुझान कुछ




कम हुआ है और अखाड़ों की जगह जिम तथा फिटनेस सेंटर ले रहै है बावजूद इसके भी आज ही शहर में करीब आधा सैकड़ा अखाडे ऐसे है जिनमें प्रतिदिन लोग खासकर युवा और किशोर वर्ग नियमित व्यायाम करने के लिए सुबह शाम महंगू उस्ताद अखाड़ा जगन्नाथ उस्ताद अखाड़ा धनपत सिंह उस्ताद अखाड़ा खुशाल उस्ताद अखाड़ा शामिल है इसमें महंगू उस्ताद अखाड़ा का इतिहास में काफी पुराना है इसकी स्थापना 1935 में हुई थी फकीरचंद उस्ताद अखाड़ा और महगु उस्ताद अखाड़ा से कई नामचीन पहलवानों ने बाहर निकल कर शहर का नाम रोशन किया अंडा खाने की बात की जाए तो गंगासागर में सीताराम तात का अखाड़ा ललपुर मैं छोटे लाल उस्ताद का अखाड़ा रानीताल में भैरव उस्ताद का अखाड़ा मिलोनीगंज में भल्लू दांत का अखाड़ा बधाइयां मोहल्ला में नन्हूँ ठाकुर का अखाड़ा का फूटा ताल में दललन उस्ताद का अखाड़ा नाल बंद मोहल्ला में शेरखा उस्ताद का अखाड़ा बेलबाग में बुद्धे गौड़ का अखाड़ा मदार टेकरी में बहादुर उस्ताद का अखाड़ा कंजर मोहल्ला में रतन उस्ताद का अखाड़ा रांची में गोविंद स्वामी उस्ताद का अखाड़ा जीसीएफ में मथुरा उस्ताद का अखाड़ा घमापुर में चुन्ना उस्ताद का अखाड़ा शीतला माई में गरीबदास उस्ताद का अखाड़ा उड़िया मोहल्ला में किशन उस्ताद का अखाड़ा ,लाल माटी में तुलाराम उस्ताद का अखाड़ा ,रांझी में ही डालचंद खलीफा का अखाड़ा ,खटीक मोहल्ला में बद्री उस्ताद रामू खलीफा का अखाड़ा ,गढ़ा में होरीलाल उस्ताद का अखाड़ा ,हीरालाल उस्ताद का अखाड़ा और लोधी मोहल्ला में संजीवनी बजरंग व्यायामशाला, नया मोहल्ला में रामप्रसाद उस्ताद का अखाड़ा ,प्रेम सागर में शंकर सैलानी उस्ताद का अखाड़ा ,भरतीपुर में शिवचरण उस्ताद का अखाड़ा ,घमापुर चौक में जोक उस्ताद का



अखाड़ा ,पुलिस लाइन में चंद्रभान सिंह खलीफा का अखाड़ा ,भान तलैया में प्यारे लाल उस्ताद का अखाड़ा ,सदर में गंगा प्रसाद उस्ताद का अखाड़ा ,विश्वनाथ उस्ताद का अखाड़ा ,नारायण गुरु उस्ताद का अखाड़ा ,कटंगा में दद्दू खा मंगल खा का अखाड़ा ,गंजीपुरा में गिरधारी उस्ताद का अखाड़ा रामपुर में मुत्ता उस्ताद का अखाड़ा सदर में अब्दुल्ला उस्ताद का अखाड़ा ,रानीताल में जगदीश अखाड़ा आदि आज भी ना केवल संचालित हो रहे हैं बल्कि अपनी परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण भी कर रहे हैं हालांकि यह बात अलग है कि शहर के कुछ अखाड़े समय के साथ बंद हो गए जिन प्रमुख अखाड़ों का जिक्र किया गया है उसके अलावा भी शहर और उससे लगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी अखाड़ा और व्यायाम साला संचालित हो रहे है। अब यह बात अलग है कि नाग पंचमी पर पहले जैसी दंगल बाजी आदि के आयोजन कम ही होते हैं लेकिन परिवर्तन के दौर में भी अखाड़ों के प्रति रुझान रखने वालों की कमी नहीं है यदि पूर्व के वर्षों में नजर डाली जाए तो जबलपुर में देश प्रदेश के नामी-गिरामी पहलवानों का आना भी हुआ है । अखाड़ों को संचालित करने वाले ट्रस्ट और समितियां शासन प्रशासन से समय-समय पर मांग करती रही है कि अखाड़ों की विकास और कुश्ती और दूसरे व्यायाम को बढ़ावा देने के लिए सार्थक पहल करें ताकि अखाड़ा संस्कृति बरकरार बनी रहे।

**-राजू शर्मा**

---

## आपका राशिफल 1 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

---

### फिल्म वर्ग पहेली - 5886



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, पंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१५. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. जॉन, विपाशा की एक फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल को' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-३
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो सखा तू ही बता' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. १९७१ के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म-३
३. 'आ परियाँ झप्पियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म-३
१५. रेखाी की पहली हिंदी फिल्म-२
१६. 'माहिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेंद्र, माला की 'आज वाली मुस्कुराली' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, पूजा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5885



Jagrutidaur.com, Bangalore

---

## रोजाना सिर्फ 20 मिनट ये एक्सरसाइज करने से बढ़ सकती है इम्यूनिटी

कोरोना क नए-नए वेरिएंड ने दुनियाभर को हिला दिया है। इससे बचने के लिए एक्सपर्ट द्वारा हर किसी को इम्यूनिटी बूस्ट करने की सलाह दी जा रही है। देशभर में टीकाकरण भी तेजी से हो रहा है। इसके अलावा कई जगहों पर वर्क फ्रॉम होम भी कर दिया गया है। मगर ओमिक्रॉन से बचने के लिए आप बिना जिम जाए घर पर ही 5 एक्सरसाइज कर सकते हैं। रोजाना 20 मिनट इन 5 एक्सरसाइज करने से आपकी इम्यूनिटी बढ़ने में मदद मिलेगी। मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी। इसके साथ ही वजन कंट्रोल रहने में मदद मिलेगी। चलिए जानते हैं इसके बारे में...

**एक्सरसाइज करने से पहले करें इस बातों पर गौर**

आप इन एक्सरसाइज को सुबह-शाम कभी भी 4-4 मिनट के लिए कर सकते हैं। बाद में आप इसकी समय-सीमा बढ़ा सकते हैं। एक बार में ज्यादा समय के लिए एक्सरसाइज करने से बचें। नहीं तो आपको थकावट, कमजोरी व बॉडी पेन महसूस हो सकता है। इसके साथ ही जो पहले से किसी हेल्थ प्रॉबल्म या शरीर पर कहीं चोट लगने से परेशान हैं वे इन एक्सरसाइज को ना करें। इसके अलावा इनमें किसी भी एक्सरसाइज को शुरु करने से पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह लेना ना भूलें।

खुद को फिट रखने के लिए रस्सी कूदना बेस्ट एक्सरसाइज मानी गई है। इसे बच्चे से बड़ों तक कोई भी आसानी से कर सकता है। इसे आप घर के हॉल, छत, पार्क कहीं भी आसानी से कर सकते हैं। रस्सी कूदने से पूरे शरीर की कसरत होती है। इससे काफी कैलोरी बर्न होने से वजन तेजी से घटाने में मदद मिलती है। मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आने के साथ इम्यूनिटी बूस्ट होती है। बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए भी रस्सी कूदना बेस्ट माना गया है। इसे करते समय ध्यान रखें कि आपको मुंह से सांस नहीं लेना है। इसके साथ ही एकदम शरीर को सीधा करके रस्सी कूदे।

**पुश-अप** इस एक्सरसाइज को बेसिक कहते है, जिसे बड़े से बड़ा बॉडी बिल्डर करता है। इसे करने से पूरे शरीर की अच्छे से कसरत हो जाती है। एक बॉडी वेट एक्सरसाइज होने से इसे पुरुष-महिला कोई भी कर सकता है। पुश-अप करने से सीना, कंधे और पेट पर खिंचाव व मजबूती आती है। मांसपेशियों व हड्डियों में की ताकत बढ़ती है। इसके साथ ही चेस्ट के मसल्स की ग्रोथ होने में मदद मिलती है।

**बर्पी** बर्पी एक बॉडी वेट एक्सरसाइज है, जिसमें वजन कम करने में मदद मिलती है। एक्सपर्ट अनुसार, एक बर्पी करने से करीब 2 कैलौरी बर्न होती है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए जमीन पर पेट के बल लेटकर दोनों हाथों को जमीन पर लगाएं। फिर पैरों को पीछे ले जाते हुए पुशअप करना है। इससे आपके पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाएगी।

**पुल अप** हेल्दी रहने के लिए पुल अप बेस्ट ऑप्शन है। इस एक्सरसाइज में आपको अपने शरीर का सारा भार हाथों से खींचना होता है। इस एक्सरसाइज को आप अपने घर की ऊंची रेलिंग, कमरे, हॉल, छत आदि पर गेट के ऊपर निकलते हुए हिस्से को पकड़कर कर सकते हैं। इसे करते दौरान अपना पेट एकदम टाइट और हाथ कंधे से बाहर की ओर रखें। अपने सामर्थ्य अनुसार इसे एक्सरसाइज को करें। आप शुरु-शुरु में इसे 3-5 बार कर सकती हैं। फिर धीरे-धीरे इसकी समय-सीमा बढ़ाएं। इससे आपके कंधे, हाथ की मांसपेशियों में मजबूती आएगी। इसके साथ ही आपका वजन कंट्रोल रहने में भी मदद मिलेगी।

---

### सूडोकु नवताल- 6402

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6401 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

---

### विचार प्रवाह



एक बार इंसान ने कोयल से कहा, तू काली न होती तो कितना अच्छा होता। फिर सागर से कहा, तेरा पानी खारा न होता तो कितना अच्छा होता। फिर गुलाब से कहा, तुझमें कांटे न होते तो कितना अच्छा होता। फिर चांद से कहा, तुझमें दाग न होता तो कितना अच्छा होता। तब चारों मिलकर एक साथ बोले- ऐ इंसान! अगर तुझमें दूसरों की कमियां देखने की आदत न होती तो तू कितना अच्छा होता ।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

---

### शब्द पहेली - 7442



**बाएँ से दाएँ**

1.वटवृक्ष, बट-4
4.मितव्यय,बचत-4
6. ......-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8.भाड़ा-3
9.मृत्यु होना-3
11.खुशी, सहमत-2
13.अक्लमंद, समझ वाला-5
15.बलिदान, उत्सर्ग-2
16.जबान, जीभ, जिह्वा-3
18.गिरोह, मंडली, समूह-3
19.अपनापन, प्रेम, स्नेह-3
20.फूलना-फलना-4
22.अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत-4

**ऊपर से नीचे**

1.कलंकित, निंदित, लांछित-3
2.दुख, शोक, अफसोस-2
3.खात्मा, समाप्ति, बर्बाद-3
4.मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5.संस्कृति, सभ्यता-4
7.स्पर्श, छूना-3
10.ख्याति अर्जित करना (मु.-2,3)
12.वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय-4
14.परंपरा, नियम, चाल -3
17.ख्याति, जाना-पहचाना-3
18.माला आदि फेरना-3
21.जेबकतरा, ठग, डाकू-2

शब्द पहेली -7441 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# आईआईटी प्राध्यापक सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सिखाएंगे गणित व विज्ञान पढ़ाने के गुर

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को आइआइटी के प्रोफेसर्स विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी की छोटी-छोटी क्रियाओं को सिखाएंगे, ताकि वे बच्चों को आसानी से इन्?हें समझा सकें। इसके लिए दैनिक जीवन में होने वाली वैज्ञानिक क्रियाओं को उदाहरण के तौर पर लिया जाएगा। सरकारी स्कूल के शिक्षकों को आसानी से सिखाने के लिए आइआइटी इंदौर के विशेषज्ञों ने सेंटर फार क्रिएटिव लर्निंग (सीसीएल) के तहत शिक्षकों के लिए %स्टेम% (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व गणित) कोर्स तैयार किया है। पांच से सात अगस्त तक %स्?टेम% के लिए चयनित सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आइआइटी इंदौर द्वारा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय के लिए दिया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। पहले चरण में आगर-मालवा, शाजापुर, उज्जैन, रतलाम व मंदसौर जिले के 150 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अन्य जिलों के शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### विज्ञानी पद्धति से समझाएंगे भौतिकी व गणित

आइआइटी के प्रोफेसर शिक्षकों को विज्ञानी पद्धति से समझाएंगे। इसमें भूमंडलीय ऊष्मीकरण और हरित ऊर्जा, गणितीय समीकरणों का महत्व, त्रिभुज, सर्कल, चतुर्भुज बनाकर रेखागणित की बारीकियां और सूत्रों का रेखांकन आदि की जानकारी दी जाएगी। वेबलाइन (लहरों) के माध्यम से त्रिकोणमिति और इलेक्ट्रिक मोटर के साथ भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा गुण, भाग, जोड़ व घटाव के तरीके अलग-अलग क्यों हैं, यह भी समझाया जाएगा।



### शिक्षकों को मिलेगा प्रमाण-पत्र

विभाग की ओर से प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को विज्ञान एवं गणित विषयों की सैद्धांतिक समझ को बढ़ाने के उद्देय से यह आनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5.10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिक्षकों को कक्षा छठवीं से आठवीं की विज्ञान एवं गणित की पाठ्यपुस्तकें भी लेकर कार्यक्रम में शामिल होना पड़ेगा। कार्यशाला के समापन के मौके पर उन्हें प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

**आइआइटी के प्राध्यापकों द्वारा स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है, ताकि वे बच्चों को विज्ञान व गणित की जटिलताएं आसानी से समझा सकें।**
**- धनराजू एस, संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र**

**-अगर विज्ञान के साथ दैनिक जीवन को जोड़कर समझेंगे या समझाएंगे तो वह बहुत आसानी से समझ पाएंगे। छोटी-छोटी क्रियाओं से गणित व विज्ञान को आसानी से बच्चों को समझा सकते हैं।**
**- मेधा वाजपेयी, विज्ञान संचारिका, मप्र**



# 750 रेलवे स्टेशनों पर अक्टूबर के अंत तक मिलने लगेंगे स्वदेशी उत्पाद

**भोपाल ( यश भारत )।** । आत्मनिर्भर भारत बनाने में देश के 700 रेलवे स्टेशन भी मदद करने जा रहे हैं। इन स्टेशनों पर स्वदेशी उत्पाद जैसे चरखे व हाथों से बुने सूती कपड़े, हाथ से बनाए खिलौने, हैंड बैग, मिट्टी के बर्तन, चित्रकारी, लकड़ी व बांस के सजावटी सामान आदि मिलेंगे। इन उत्पादों के लिए स्टेशनों पर स्टाल लगाए जा रहे हैं, जिनकी डिजाइन नेशनल इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन अहमदाबाद ने तय कर दी है। चि-त स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर स्टाल लगाने का काम शुरू कर दिया है। रेलवे स्थानीय कामगारों को उनके बनाए उत्पादों की बिक्री के लिए अधिकृत कर रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के भोपाल, कोटा व जबलपुर मंडल के 39 स्टेशनों को चि-त किया है। इनमें से भोपाल रेल मंडल के भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, बीना, गुना, अशोकनगर, हरदा, होशंगाबाद, गंजबासौदा और विदिशा जैसे 10 प्रमुख स्टेशनों पर इन प्रायोगिक तौर पर इन उत्पादों की बिक्री शुरू कर दी है। सितंबर के अंत तक सभी 750 स्टेशनों पर ये उत्पाद मिलने लगेंगे। अक्टूबर के मध्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इनका विधिवत शुभारंभ किया जाना है। बता दें कि स्थानीय कामगारों के उत्पादों की बिक्री के लिए केंद्र ने बड़ा मंच उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए रेलवे को चुना है। रेलवे के पास स्टेशन हैं। इस योजना को एक स्टेशन एक उत्पाद नाम दिया है।

### अंचल के कामगारों को मिलेगा मंच

रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि शहर से दूरस्त अंचल में बैठे कुम्हारी का काम करने वाले व्यक्ति को भी मिट्टी के बर्तन बेचने का उतना ही अधिकार मिले, जितना एक सक्षम व्यक्ति को मिल रहा है। ऐसे स्थानीय कामगारों को रेलवे बोर्ड रेलवे स्टेशन जैसा बड़ा मंच उपलब्ध करवा रहा है ताकि वह अपने व्यवसाय को सम्मान के साथ जी सके और उसकी आवक बढ़े।

### स्टेशन प्रबंधकों को अधिकृत किया

भोपाल रेल मंडल के डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया कि मंडल में संबंधित स्टेशन प्रबंधकों को अधिकृत कर दिया है। इच्छुक कामगार व उत्पाद तैयार करने वाले व्यक्ति व संस्थाओं से आवेदन मंगवा रहे हैं। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में एक व्यक्ति व संस्था को 15-15 दिन के लिए स्टाल आवंटित किए जा रहे हैं। 1,000 हजार रुपये के मामूली शुल्क पर स्टाल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पमरे के कुछ स्टेशनों पर प्रयोग के तौर पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री शुरू करा दी है। राष्ट्रीयकृत डिजाइन के अनुरूप स्टाल तैयार कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सितंबर के अंत तक सभी चिन्हित स्टेशनों पर उत्पादों की बिक्री शुरू करा दी जाएगी।

# हितग्राहियों को बेचे प्लाट व दुकानों का नहीं जमा हो रहा पैसा, आवंटन होगा रद्द

**भोपाल ( यश भारत )।** नगर निगम रहवासियों और व्यवसायियों को बाजार से कम दाम में दुकान व प्लाट बेच रहा है। पैसा भी कई किश्तों में लिया जा रहा है। बावजूद इसके निगम से संपत्ति खरीदने के बाद लोग पैसा नहीं चुका रहे हैं। निगम के करीब 39 करोड़ रुपये इन दुकानदारों और प्लाटधारकों के पास फंसे हैं। नोटिस देने के बाद भी जब इन पर कोई असर नहीं हुआ तो निगम अधिकारियों ने अब पैसे वसूलने के लिए दुकान व प्लाट का आवंटन रद्द करने का फैसला लिया है ।जानकारी के अनुसार नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 429 प्लाट व दुकान का विक्रय किया है। इसमें से करीब 156 लोगों ने पूर्ण राशि निगम में जमा कर दी है। जबकि 273 अन्य दुकानदारों व प्लाट मालिकों ने अब तक 62 करोड़ रुपये में से 23 करोड़ रुपये ही जमा कराए हैं। अब इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। निगम में राजस्व विभाग की उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि बकायादारों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं नगर निगम की ओर से 13 अगस्त 2022 को लोक अदालत का अयोजन भी किया जा रहा है। इसमें बकायादारों को छूट भी दी जा रही है। इसके बावजूद यदि लोग तय समय सीमा में राजस्व भुगतान नही करते हैं, तो उनके खिलाफ आवंटन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

# म्यांमार में दाम बढ़ने से इंदौर में भी दालों में बढ़त का दौर जारी

### इंदौर के बाजार में मूंग दाल, तुवर दाल, उड़द दाल सहित सभी तरह की दालों का रेट

**भोपाल ( यश भारत )।** म्यांमार (बर्मा) में उड़द और लेमन तुवर की भारी मांग निकल रही है। मौके का लाभ उठाते हुए बर्मा के निर्यातकों ने वहां दाम बढ़ा दिए हैं। निर्यात के नए सौदे अब ऊंचे दामों पर हो रहे हैं। लिहाजा देश में उड़द और तुवर की लागत ऊंची बैठने लगी है। इंदौर घरेलू बाजार में तुवर में अच्छी क्वालिटी की उपलब्धता कम है। दूसरी ओर अन्य राज्यों की मंडियों में भी उड़द की आवक घटने लगी है। खरीफ की उड़द की आवक सितंबर अंत या अक्टूबर में ही आने की संभावना है जबकि तुवर की नई फसल की आवक दिसंबर-जनवरी तक संभव है। इसे ध्यान में रखते हुए उड़द और तुवर में स्टाकिस्टों की पकड़ मजबूत बनी हुई है। नतीजा दोनों दलहनों की कीमतों में एकतरफा तेजी चल रही है। शनिवार को इंदौर में उड़द क्वालिटी अनुसार 300-500 रुपये उछलकर बोल्ड 7700-8000 मीडियम 6000- 7000 नया उड़द (गर्मी ) 7000-7800 हलका 2500-4500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई। इसके समर्थन में उड़द दाल में भी 100 रुपये की बढ़ दर्ज की गई। वहीं तुवर में भी मांग जोरदार रहने से 200 रुपये की तेजी रही। तुवर महाराष्ट्र सफेद 7500-7700 कर्नाटक 7700-7900 निमाड़ी 6500-7200 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। तुवर दाल में भी अच्छी मांग रहने से 100 रुपये की तेजी रही। चने में सीमित पूछपरख रहने से भाव में सुधार रहा। चना कांटा 4975-5000 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। मूंग दाल में भी 100 रुपये की तेजी रही। वहीं मसूर दाल में उठाव कम होने से भाव में 50 रुपये की गिरावट रही। इस सप्ताह दालों में उपभोक्ताओं की खरीदी अच्छी रहने से ज्यादातर दालों की कीमतों में तेजी रही। इसमें सबसे ज्यादा डिमांड तुवर दाल में देखने को मिली है।



# डीजीपी ने की गश्त

## बोले इससे लोगों में भरोसा, अपराधियों में खौफ बढ़ता है

### यह भ्रमण आने वाले तीज त्योहारों पर सुरक्षा के मद्दे नजर किया जा रहा है।

**भोपाल ( यश भारत )।** मध्य प्रदेश पुलिस के मुखिया पर शनिवार शाम को पूरे प्रदेश में पुलिस सड़कों पर पैदल निकली। डीजीपी सुधीर सक्सेना स्वयं राजधानी में आला अफसरों के साथ गश्त पर निकले। उन्होंने डेढ़ घंटे में पुराने शहर में नौ किलोमीटर तक पैदल गश्त की। इस दौरान विभिन्न थानों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को पैदल गश्त का महत्व बताते हुए बोला कि पैदल गश्त करने से जहां आम जन में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ता है, तो अपराधियों में खौफ पैदा होता है। उन्होंने पैदल गश्त आगे भी जारी रखने के निर्देश भी दिए। डीजीपी सक्सेना ने शाम छह बजे थाना कोतवाली से शाहजहानाबाद तक डेढ़ घंटे में करीब 9 किलोमीटर पैदल मार्च कर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ में एडिशनल कमिश्नर सचिन अतुलकर, डीसीपी विनीत कपूर, डीसीपी रियाज इकबाल, डीसीपी विजय भागवानी, डीसीपी हंसराज सिंह, डीसीपी अमित कुमार एवं एडिशनल डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी व अन्य स्टाफ मौजूद था।

### इन क्षेत्रों में किया पैदल मार्च

पैदल मार्च शाम सवा छह बजे थाना कोतवाली से आरंभ कर चार बत्ती चौराहा, थाना मंगलवारा, नादरा बस स्टैंड चौराहा, सिंधी कालोनी चौराहा होते हुए गौतम नगर चौराहा पहुंचा। थाना गौतम नगर से थाना टीला एवं थाना टीला से होते हुए रात पौने आठ बजे थाना शाहजहानाबाद पहुंचे। इस तरह करीब डेढ़ घंटे में लगभग नौ किलोमीटर पैदल मार्च कर शांति व सुरक्षा एवं बाजार व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य

पैदल चलने का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को गश्त का महत्व समझाना व मनोबल बढ़ाना। इस दौरान पाइंट चिंहित करना। आम जनमानस से पुलिस का सम्पर्क में रहना। व्यापारी, मजदूर, ड्राईवर आदि लोगों से गश्त के दौरान वार्तालाप करना साथ ही उनकी समस्याओं को समझकर उनका निराकरण करना। आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर नजर रखना। संवेदनशील क्षेत्रों में उपस्थित रहना, ताकि महिला, बच्चे, बुजुर्ग व आमजन के बीच सुरक्षा का माहौल बना रहे।

### 6 थानो का किया निरीक्षण

पैदल मार्च के दौरान डीजीपी सक्सेना ने थाना कोतवाली, मंगलवारा, हनुमानगंज, गौतम नगर, टीला एवं थाना शाहजहानाबाद थानों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। वहां की मूलभूत सुविधा एवं समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने पुलिस व आमजन हेतु थानों मे मूलभूत सुविधाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### इन क्षेत्रों में भी हुई पैदल गश्त

डीसीपी जोनङ्कएक, साई कृष्णा एवं एसीपी हबीबगंज वीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में हबीबगंज थाना क्षेत्र के बिट्टन मार्केट, 10 नंबर मार्केट, 12 नंबर मल्टी क्षेत्र, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया गया। पुलिस को पैदल भ्रमण करते देख आम जन द्वारा सराहना की गई एवं क्षेत्र के बच्चे स्व प्रेरित होकर वंदे मातरम, भारत माता की जय, शराब पीना बंद करो, इस प्रकार की नारेबाजी करने लगे। डीसीपी साई कृष्णा ने बच्चों के बीच टाफी वितरित कर उनकी हौसला अफजाई भी की।

# डिजिटल इंडिया से जुड़ेंगे भोपाल के 23 गांव, बीएसएनएल की 4जी सेवा से होंगे लैस

**भोपाल ( यश भारत )।** जिले के 23 गांव डिजिटल इंडिया से जुड़ेंगे। ये गांव बैरसिया व फंदा ब्लाक के हैं। इनमें बीएसएनएल की 4जी सेवा मिलेगी। इससे इन गांवों में रोजगार के अवसर भी खुलेंगे। दरअसल, केंद्र सरकार ने मोबाइल सेवा से वंचित गांवों के लिए 26,316 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना को मंजूरी दी है। यह मंजूरी 27 जुलाई को दी गई है। इसमें मप्र के 3191 गांव शामिल है। इन्हीं में भोपाल के ये गांव भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2021 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए संबोधन में सरकारी योजनाओं को पूर्णता प्रदान करने का आह्वान किया था, जिसके परिप्रेक्ष्य में यह राशि गांवों के लिए जारी की है। इस राशि से होने वाले कामों से डिजिटल इंडिया को बढ़ावा मिलेगा।



### ग्रामीण क्षेत्रों में मिलेगा रोजगार का अवसर

परियोजना से ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध होने के बाद मप्र व केंद्र सरकार की विभिन्न ई-गवर्नेंस सेवाएं, बैंकिंग सेवाएं, टेली-मेडिसिन, टेली-एजुकेशन आदि को बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

### यह है परियोजना

- परियोजना पर 26,316 करोड़ रुपये की कुल लागत आएगी। इस परियोजना के तहत देश के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में अवस्थित 24,680 वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवा देने में आसानी होगी। परियोजना में पुनर्वास, नई बस्तियों, मौजूदा ऑपरेटरों द्वारा अपनी सेवाओं को वापस ले लेने, इत?यादि को ध्?यान में रखते हुए 20 प्रतिशत अतिरिक्त गांवों को शामिल करने के प्रविधान है। केवल 2जी, 3जी कनेक्टिविटी वाले गांवों को अपग्रेड करके वहां 4जी कनेक्टिविटी सुलभ कराई जाएगी। परियोजना को बीएसएनएल द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' के 4जी प्रौद्योगिकी स्टैक का उपयोग करते हुए कार्यान्वित किया जाएगा और इसका वित्त पोषण यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड के जरिए किया जाएगा। बीएसएनएल पहले से ही 'आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी स्टैक'का उपयोग करने की प्रक्रिया में है, जिसका उपयोग इस परियोजना में भी किया जा सकेगा।

### भोपाल के इन गांवों को किया चिन्हित

अनंतपुरा, शांतिनगर, पटानिया, हरिपुरा, आयापुरा, शाहपुरा, पढारिया सकल, मस्तीपुरा, छापर, देहरी, राजीव नगर, छावनी पढार, शेखपुरा, समरधा, उंची लालोई, लालुखेड़ी, कीटगढ़, बाबरपुर, नर्सरीपुरा, गुर्जरपुरा, खेड़ली, टपरा गांव को शामिल किया है।

# सीएम शिवराज के निर्देश, जहां महिलाओं को दिक्कत है वहां से शराब दुकान हटाने की रणनीति बनाएं

### वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने दिए निर्देश।

**भोपाल ( यश भारत )।** जिन क्षेत्रों में शराब दुकानों से महिलाएं परेशान हैं, वहां से दुकानें हटाई जाएं। वाणिज्यिक कर विभाग की शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए। जनभावनाओं का आदर आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने करदाताओं से बेहतर संवाद बनाने, उन्हें ताजा जानकारियां देने, छोटे करदाताओं को विश्वास में लेकर उन्हें शिक्षित कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजीयन एवं स्टाम्प में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि प्राप्त करने के प्रयास करें। अधिकारियों ने बताया कि कर संचय की सरल व्यवस्था बनाने के लिए वेलकम किट विकसित की है। इससे जीएसटी के नए करदाताओं को सुविधा होगी इंटरनेट मीडिया के माध्यम से छोटे करदाताओं की जिज्ञासा और शंकाओं का समाधान किया जा रहा है। प्रत्येक कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित की हैं। वाहन चेकिंग के लिए अधिकारियों को एसएमएस आधारित प्राधिकार-पत्र दिए जा रहे हैं। इसमें चेकिंग के दौरान रोके गए वाहनों की फोटो, वेब पेज पर अपलोड करने की व्यवस्था है। बैठक में राजस्व प्राप्ति में वृद्धि के लिए कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि वेट में लंबित वसूली के प्रकरणों की मानीटरिंग के लिए आनलाइन माड्यूल का उपयोग कर रहे हैं। जीएसटी में टैक्स बेस में वृद्धि के लिए 22 प्रमुख सेवा क्षेत्रों का चयन किया है। जिले की आर्थिक-व्यावसायिक गतिविधियों के आधार पर जिलों के लक्ष्य तय किए हैं। दिसंबर 2021 से अब तक 1179 प्रकरणों में स्क्रूटनी पूरी कर 182 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। प्रवर्तन की कार्रवाई में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस और डाटा एनालेटिक्स का उपयोग कर रहे हैं।



### शराब की बोतलों पर क्यूआर कोड रहेग

वर्ष 2022-23 की मदिरा नीति में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए विशेष प्रविधान किए हैं। अब शराब बोतलों पर होलोग्राम के स्थान पर सिक्यूरिटी प्रिंटिंग प्रेस हैदराबाद के क्यूआर कोड युक्त एक्साइज एडहेसिव लेबल चस्पा किए जाएंगे। ट्रेक एंड ट्रेस व्यवस्था में बोतल पर चस्पा क्यूआर कोड से सत्यापन और परिवहन संबंधी जानकारी मिलेगी। आबकारी में सभी 45 लाइसेंस की आवेदन प्रक्रिया को आनलाइन और सरल किया है। आठ लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया को आटो रिन्यूवल आधार पर संचालित किया जा रहा है।

# फ्लायबिग की भोपाल-हैदराबाद उड़ान बंद, समर शेड्यूल में शुरू हुई उड़ानों पर भी बंद होने का खतरा

### अलायंस एयर की ग्वालियर एवं जबलपुर उड़ान को भी नहीं मिल पा रहे हैं अपेक्षित यात्री ।दोनों उड़ानें कभी भी बंद हो सकती हैं



**भोपाल ( यश भारत )।** यात्री सुविधाओं के लगातार विस्तार के बावजूद भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से एयरलाइन कंपनियों को अपेक्षित यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। नतीजा कंपनियों को उड़ानें बंद करनी पड़ रही हैं। निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लायबिग ने अपनी एकमात्र हैदराबाद-भोपाल उड़ान को अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। समर शेड्यूल में शामिल अलायंस एयर की दो उड़ानें भी बंद हो सकती हैं। फ्लायबिग ने एयरपोर्ट अथारिटी को सूचित किया है कि एक अगस्त से भोपाल-हैदराबाद उड़ान का संचालन अस्थाई रूप से बंद किया जा रहा है। कंपनी ने अक्टूबर से शुरू होने वाले विंटर शेड्यूल में यह उड़ान फिर से शुरू करने की उम्मीद संभावना व्यक्त की है। कंपनी ने यह उड़ान 29 मार्च को ही प्रारंभ की थी। कंपनी ने भोपाल को लखनऊ, कोलकाता एवं जयपुर से जोड़ने की उम्मीद व्यक्त की थी, लेकिन कंपनी चार माह में एक भी अतिरिक्त उड़ान शुरू नहीं कर सकी। अब एकमात्र उड़ान की बुकिंग भी बंद कर दी गई है। इसके पहले कंपनी ने भोपाल से अहमदाबाद रूट पर उड़ान शुरू की थी। वह भी कुछ ही समय बाद बंद कर दी गई। अलायंस एयर ने तीन जून से भोपाल से ग्वालियर, जबलपुर एवं बिलासपुर तक सीधी उड़ान शुरू की थी। कंपनी को भोपाल से बिलासपुर तक तो पर्याप्त यात्री मिल रहे हैं, लेकिन जबलपुर एवं ग्वालियर रूट पर 25 फीसद पैसेंजर लोड भी नहीं मिल पा रहा है। कभी-कभी तो 72 सीटों वाले एटीआर विमान में मात्र तीन या चार यात्री ही सफर करते हैं। माना जा रहा है कि कंपनी यह दोनों उड़ानें बंद कर सकती है। अलायंस एयर कोरोना काल से पहले जयपुर एवं रायपुर उड़ान का संचालन करती थी। चार साल पहले तक लखनऊ एवं देहरादून उड़ान का भी संचालन हुआ था। यात्री चाहते हैं कि ग्वालियर एवं जबलपुर उड़ान की जगह जयपुर, रायपुर एवं लखनऊ उड़ान प्रारंभ की जाए।

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने का दिया संदेश

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के साथ सिहोरा और खितौला थाने का बल रहा शामिल

**सिहोरा, यशभारत। मुस्लिम धर्मावलंबियों के मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने शनिवार को सिहोरा नगर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने आम लोगों को शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने का संदेश दिया। त्यौहार के दौरान अशांति फैलाने वाले लोगों पर पुलिस की कड़ी निगाह रहेगी ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।**



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिवेश सिंह बघेल के नेतृत्व में सिहोरा थाना प्रांगण से फ्लैग मार्च प्रारंभ हुआ जो पुराना बस स्टैंड, गौरी तिराहा, आजाद चौक, झंडा बाजार, काल भैरव चौक, सरावगी मोहल्ला होते साईं मंदिर पहुचा। फ्लैग मार्च में सिहोरा टीआई गिरीश धुर्वे, खितौला टीआई जे. मसराम के साथ दोनों थानों का पुलिस बल शामिल था। फ्लैग मार्च में पुलिस ने आम लोगों से शांति और सद्भाव के साथ मोहर्रम पर मनाने का संदेश दिया। करीब आधा दर्जन चार पहिया वाहनों के साथ पुलिस के जवान पैदल मार्च करते हुए शहर के प्रमुख स्थानों से गुजरे। मुस्लिम धर्मावलंबियों के मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। त्यौहार के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसको लेकर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला और आम लोगों को यह संदेश दिया कि वे अनुशासन में रहकर मोहर्रम पर्व मनाए।




# रेलवे स्कूल में पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

**जबलपुर यश भारत।** महिला कल्याण संगठन पश्चिम मध्य रेल द्वारा संचालित डब्ल्यू एस ई सी हाई स्कूल में सत्र 2022-23 के लिए स्कूल पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ । इस अवसर पर उपस्थित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डब्ल्यू सी आर डब्लू डब्लू ओ जबलपुर डिवीजन की अध्यक्षा श्रीमती अशोका बिस्वास व समिति के अन्य सदस्य तथा शाला प्राचार्या श्रीमती आशा अवस्थी के मार्गदर्शन में शाला नायक निखलेश कुमार ,शाला नायिका प्रिंसी मालवीय ने शपथ ग्रहण की । साथ ही इस अवसर पर रेड हाउस कैप्टन जावेद करीम, रुचि अहूजा ,ब्लू हाउस कैप्टन रितेश सोनी देवीका रजक येलो हाउस कैप्टन माशु चौधरी वसुंधरा सिंह ग्रीन हाउस कैप्टन विशेष राजपूत , फलक अंजुम तथा साथ ही कक्षा नवमी से रेड हाउस वाइस कैप्टन अंकित यादव ,अर्चिता महावर येलो हाउस वाइस कैप्टन पीयूष गुलेरी ,तनीषा बैस ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन पुष्पेंद्र सिंह , आफिया फारुख तथा ब्लू हाउस वाइस कैप्टन नीलेश यादव प्राची नागौरे ने भी पूर्ण निष्ठा व इमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। द्वितीय चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य गीत आदि छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए जो अति सराहनीय थे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में शाला प्राचार्या श्रीमती आशा अवस्थी द्वारा सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

## कल श्रावण सोमवार बोल बम कावड़ यात्रा ग्वारीघाट से छतरपुर-निभौरा पनागर

**पनागर, यशभारत।** बोल बम कावड़ यात्रा पनागर के तत्वाधान में सावन सोमवार 1 अगस्त को प्रात: 7:00 बजे ग्वारीघाट से प्रारंभ होकर लीला बिहारी शिव धाम ग्राम छतरपुर निभौरा तक बोल बम कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है सावन मास पर भगवान शिव की आराधना के तहत यात्रा प्रतिवर्ष की जाती है समिति के कुंजीलाल मांझी सरपंच छतरपुर जागेश्वर केवट सरपंच निमोरा संयोजक लल्लू केवट गोलू बर्मन जमन श्रीपाल राहुल राय सोनू साहू गोलू गोटिया अतुल प्रजापति ने समस्त कांवरियों से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने अपील की है।

## शशिभूषण खरे हुए सेवानिवृत्त



पनागर, यशभारत। विनोवाभावे वार्ड पतगंज स्कूल पनागर से शिक्षक शशि भूषण खरे 39 वर्ष की सेवा से सेवानिवृत्त हुए जिन्हें समस्त कर्मचारी संघ ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## श्रीमति शशि दुबे सेवानिवृत्त



**पनागर, यशभारत।** सुमन पुत्री शाला पनागर से अपनी 38 वर्ष की शासकीय सेवा से शिक्षिका श्रीमति शशि दुबे सेवानिवृत्त हुई बिदाई समारोह कार्यक्रम स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मनोज पांडे जबलपुर ग्रामीण बीईओ,अध्यक्षता बी.पी.यादव प्राचार्य कन्या शाला पनागर ने की बिदाई समारोह पर अमृत बालरे,राजेन्द्र खरे,भगवत पटेल,अंजना तिवारी,संगीता बर्मन, अनुभा श्रीवास्तव, सुधा जैन,राजकुमारी खटीक,रीना कोल,प्रदीप गौतम,रोशनी वर्मा कार्यकर्ता,रीना कुशवाहा सहायिका सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## 158 सफाई संरक्षकों का हुआ एक साथ सम्मान

जबलपुर,यशभारत। नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 के अंतर्गत शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। सफाई व्यवस्था उत्तम रखने तथा वार्डो की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के कार्यो में लगे सफाई संरक्षकों को लगातार प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसी क?ी में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के द्वारा आज प्रत्येक वार्डो के 2-2 सफाई संरक्षकों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर 79 वार्डो में विभाजित है और 79 वार्डो के 2-2 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है।

# जीआरपी के सुशील सिंह बने एएसआई स्टाफ ने दी बधाई

**जबलपुर यश भारत।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा पुलिस कर्मचारियों की जा रही पदोन्नति जिसके तारतम में पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा द्वारा जीआरपी जबलपुर इकाई से 12 प्रधान आरक्षकों को सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत के आदेश जारी किए गए जिसमें जबलपुर जीआरपी थाने में पदस्थ सुशील सिंह को सहायक उप निरीक्षक पद पदोन्नत होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल प्रतिमा पटेल डीएसपी रविंद्र कुमार गौतम सहित मदन महल के गणमान्य नागरिक आलोक गुप्ता प्रदीप पटेरिया एडवोकेट श्री जैन पार्षद कल्लू आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां दी है पदोन्नत होने पर मदन महल जीआरपी चौकी मैं एक सादा समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रभारी राजेश राज द्वारा सुशील सिंह को एक स्टार लगाया गया उल्लेखनीय है कि सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए सुशील सिंह जीआरपी क्राइम में अच्छी पकड़ रखते हुए जहां अनेक गंभीर अपराधों का पर्दाफाश किया वहीं आरोपियों को सलाखों के पीछे करने पर अहम भूमिका रही।



## दो दिवसीय चल लेखा निरीक्षक सेमीनार का समापन

**जबलपुर, यशभारत।** पमरे मुख्यालय में लेखा विभाग द्वारा चल रहे चल लेखा निरीक्षक दो दिवसीय सेमिनार का समापन सम्पन्न हुआ। इस चल लेखा निरीक्षक सेमिनार का समापन पमरे मुख्यालय सभा भवन में आयोजित किया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता लेखा विभाग प्रमुख कार्तिक चौहान द्वारा की गई। यह सेमिनार अजीत कुमार रघुवंशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी के निर्देशन एवं रचिता सत्यवादि, उप वि.स.मु.ले.अधि.(याता) और मो. शाहिद हुसैन, सहा.वित्त सलाहकार के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सेमिनार में अजीत कुमार रघुवंशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा सभी चल लेखा निरीक्षकों को स्टेशन के लेखों का सिस्टम आधारित जॉच पर जोर दिया गया, ताकि रेलवे लेखों के मैन्यूवल कार्य को बंद किया जा सके एवं सभी चल लेखा निरीक्षक रेलवे के आय में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। इस सेमिनार में मध्य रेलवे से पधारे हुए यातायात लेखा प्रबंधन प्रणाली की टीम द्वारा ऑनलाइन स्टेशन तुलनपत्र जॉच करने, त्रुटि पत्र जारी करने आदि के संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे के चल लेखा निरीक्षक के साथ-साथ अन्य रेलवे के चल लेखा निरीक्षकों को पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई।

# आज रेल मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी. रीवा से रवाना होगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन




**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल को राजस्थान के झीलों के शहर उदयपुर से जोड़ने के लिए एक नई रेलगाड़ी का शुभारंभ रेल मंत्री द्वारा आज रविवार 31 जुलाई को वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि मंडल के रीवा स्टेशन से इस नई साप्ताहिक स्पेशल यात्री गाड़ी नंबर 02181 को दोपहर 3:30 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह ट्रेन मंडल के सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर स्टेशन से बीना गुना होकर राजस्थान में प्रवेश करेगी। इस मौके पर आयोजित शुभारंभ समारोह में रीवा के सांसद जनार्दन मिश्र, राजमणि पटेल, तथा विधायक राजेंद्र शुक्ल भी उपस्थित रहेंगे । इस मौके पर आयोजित शुभारंभ समारोह में लोगों से उपस्थिति की अपील मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने की है।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 10 वीं छ :माही बैठक

# राजभाषा प्रयोग-प्रसार की दिशा में यह एक सकारात्मक संदेश: महाप्रबंधक

जबलपुर, यशभारत। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय-2, जबलपुर की 10वीं छ:माही बैठक महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई।अध्यक्षीय उद्बोधन में सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जबलपुर की इस 10वीं बैठक में जबलपुर स्थित विभिन्न कार्यालयों/उपक्रमों एवं संस्थानों से पधारे सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी की उपस्थिति भारत सरकार की राजभाषा नीतियों के अनुपालन के प्रति आपकी जिम्मेदारी को दर्शाती है। राजभाषा प्रयोग-प्रसार की दिशा में यह एक सकारात्मक संदेश है। आप सभी अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा प्रगति के लिए निरंतर सार्थक प्रयास करें ताकि भारत सरकार की राजभाषा संबंधी अनुदेशों का समुचित अनुपालन हो सके उन्होंन कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की इस बैठक में हम आपस में विचार-विमर्श करके राजभाषा हिन्दी के प्रयोग-प्रसार को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर के कुछ कार्यालयों ने राजभाषा प्रयोग-प्रसार के लिए हिंदी कार्यशालाओं का व्यापक आयोजन किया है जो निश्चित रूप से राजभाषा प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने खरपतवार कार्यालय को राजभाषा के उल्लेखनीय प्रयोग-प्रसार के लिए उनके मंत्रालय का राष्टीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त होने पर बधाई दी। उन्होंने समिति को बताया कि सितंबर माह में सूरत में गृह मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आपने सभी कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे इस सम्मेलन में भाग लें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आप सभी अपना सरकारी कामकाज अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में करने का प्रयास करेंगे ताकि भारत सरकार, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित राजभाषा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके। इस बैठक में पश्चिम मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी शोभन चौधुरी भी उपस्थित थे। आपने अपने उद्बोधन में कहा कि सचिव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन से जो स्थिति स्पष्ट हुई है, उसके अनुसार कुछ मदों में हमारी प्रगति सराहनीय है, जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। धारा 3(3) का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि राजभाषा के कार्यान्वयन में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सचिवालय, पश्चिम मध्य रेल आपको हर संभव सहायता प्रदान करने को तैयार है। इस बैठक में जबलपुर स्थित विभिन्न केन्द्रीय कार्यालयों, संस्थानों एवं उपक्रमों के विभाग प्रमुखों के साथ उनके कार्यालयों के राजभाषा प्रभारी एवं हिंदी अधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित सदस्यों ने अपने कार्यालयों की राजभाषा प्रगति तथा उल्लेखनीय कार्यों से अध्यक्ष को अवगत कराया तथा राजभाषा के प्रयोग प्रसार और नराकास के सुचारू संचालन हेतु कई बहुमूल्य सुझाव दिए बैठक का संचालन सचिव, नराकास, राज रंजन श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी तथा आभार प्रदर्शन बसंत कुमार शर्मा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा किया गया।



## नगर की सडकों पर स्वच्छन्द विचरण करता पशु धन

गोटेगांव, यशभारत। गोटेगांव शहर की सभी गलियों में आवारा पशु इस समय बहुतायत की तादाद में स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं जिससे नगरवासी और ग्रामों से हाट बाजार करने आ रहे पुरुष एवं महिलाओं को इन आवारा पशुओं से खतरा बरकरार बना हुआ है नगर वासियों का कहना है कि गोटेगांव शहर में पशु मालिक पशुओं को पालने के लिए तत्पर तो रहते है परन्तु उन पशुओं को दोहनी करके पुनः आवारा कर नगर की स?कों पर स्वच्छंद विचरण करने के लिए छोड़ दिया जाता है जिससे यह पशु नगर की जनता का और लोगों की जान माल से खिलवाड़ करके नुकसान पहुंचाते भी हैं लेकिन शासन द्वारा इन पशुओं के लिए अभी तक कोई गाइडलाइन या कोई कानून नहीं बनाया गया है

# नगर निगम के 16 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

जबलपुर,यशभारत। नगर निगम के 16 कर्मचारी आज निगम सेवा से सेवानिवृत्त हुए। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ की पहल पर नगर निगम में पहली बार सेवानिवृत्ति के साथ ही कर्मचारियों एवं अधिकारियों को देय राशियों का वितरण भी किया जा रहा है निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर अपर आयुक्त वित्त श्री महेश कुमार कोरी एवं सहायक आयुक्त आशीष शर्मा के द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित सभी प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें देय राशियों का वितरण कराया जा रहा है। इस मौके पर अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी, सहायक आयुक्त आशीष शर्मा, एवं सामान्य प्रशासन विभाग के समस्त कर्मचारी आदि ने सभी सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, फूलमाला, स्मृति चिन्ह से स्वागत सम्मान करते हुए यशस्वी जीवन जीने की शुभकामनाएं दी और समस्त लाभों जिसमें अवकाश नगदीकरण, उपादान एवं भविष्य निधि की राशि का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन ससम्मान विदाई देने और सेवानिवृत्ति के दिन ही पूरा लाभ वितरण करने की पहल की गयी है, जिसके अंतर्गत आज सेवानिवृत्त होने वाले 16 अधिकारियों कर्मचारियों को नगर निगम द्वारा विदाई देकर राशि भेंट की गयी।



# सेवानिवृत्त हुए रेलवे के 47 कर्मचारियों की 18 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि बैंक खाते में भेजी

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल से जुलाई माह में 47 रेल कर्मचारियों को उनकी रेल सेवा पूर्ण होने पर एक सादे समारोह में सेवानिवृत्ति की भावभीनी बिदाई दी गई। डीआरएम संजय कुमार विश्वास के मार्गदर्शन में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता द्वारा रेलवे से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को दस्तावेज तथा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। इस मौके पर 47 कर्मचारियों को ?18 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि एनईएफटी के माध्यम से प्रशासन द्वारा उनके बैंक खाते में भेजी गई। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविंद पांडे, सहायक वित्त प्रबंधक ज्ञान सिंह हल्दिया आदि अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा । इसी तरह मंडल वाणिज्य कार्यालय में पदस्थ ग्रुप डी कर्मचारी श्रीमती सुखवंती बाई की सेवानिवृत्ति पर उन्हें वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक सादे समारोह में विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन सहित वाणिज्य अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, देवेश कुमार सोनी, पंकज कुमार दुबे, अखिलेश नायक एवं स्टाफ द्वारा श्रीमती सुखवंती बाई के कार्यों की प्रशंसा करते हुए फूल मालाएं पहनाकर उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।




## चुनावी मानदेय भत्ता कर्मचारियों से छलावा

जबलपुर, यशभारत। म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 का प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय चरण तथा नगरीय निकाय का प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का चुनाव पूर्ण हो चुका है । उक्त चुनाव में राज्य केन्द्रीय कर्मचारियों / अधिकारियों से पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी 1 2 3 एवं 4 तथा मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना अधिकारी के रूप में लगातार 50 घण्टों तक कार्य कर सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया गया ।

## न्यू जबलपुर में ग्राहक सेवा के उत्कर्ष मापदंड तय करेगा नेक्सा का नया सर्विस सेण्टर



**जबलपुर,यशभारत।** शहर में भारत की अग्रणी मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड अब एक ऐसा सर्विस सेण्टर खोल रही है जो ग्राहकों के लिए हर प्रकार की गुणवत्ता वाली सर्विस उपलब्ध करवाएगा। मारुती सुजुकी अपने सभी वाहनों की सर्विस पर विशेष ध्यान देती है। वाहनों के बाजार में प्रतिस्पर्धा का दौर है , इस दौर में भी नेक्सा ने अपना अलग स्थान बनाया है। अब इसी विश्वास की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए नेक्सा ने जबलपुर के तिलहरी क्षेत्र में अपना नया सर्विस सेण्टर शुरू करने की तैयारी पूर्ण कर ली है। नेक्सा के साथ जबलपुर शहर के विकास और उद्योग के क्षेत्र में शहर को अग्रणी बनाने वाले केमतानी ग्रुप और शुभ मोटर्स के डायरेक्टर आशीष केमतानी एवं स्पर्श केमतानी ने जानकारी देते हुए बताया कि केमतानी ग्रुप ने हमेशा ही जबलपुर शहर को अग्रणी बनाने में अपनी भूमिका निभाई है। जबलपुर को नगर से महानगर बनाने के हर कदम में केमतानी ग्रुप अपनी भूमिका अदा करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। तिलहरी में नेक्सा कंपनी के नए सर्विस सेण्टर के खुल जाने से शहर की एक और सुविधा बढ़ेगी। जिसका लाभ ना केवल जबलपुर के लोग बल्कि आस पास के जिलों के लोगों को भी मिलेगा । इस शानदार सर्विस सेण्टर में ग्राहकों की हर सुविधा का ध्यान रखा जायेगा और वाहनों के बेहतरीन सर्विस की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी।

# रेलवे बोर्ड अध्यक्ष त्रिपाठी ने ली प.म.रे. की समीक्षा बैठक

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे बोर्ड चेयरमेन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में पश्चिम मध्य रेल से संबंधित कार्य निष्पादन समीक्षा बैठक डीआरएम कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई । इस समीक्षा बैठक में पावर प्वाईट प्रजेंटेशन के माध्यम से पमरे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं तथा यात्री सुविधाओं संबंधी विकास कार्यों की जानकारी दी गई ।

रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने की-परफारमेन्स इन्डेक्स तथा एक्सपेंडिचर कंट्रोल के बारे में चर्चा की । इन्फ्रास्ट्रक्चर,

## अनेक मुद्दों पर रेल अधिकारियो के साथ की चर्चा

मोबिलिटी में सुधार, सेफ्टी परफारमेन्स, मेन पावर प्लानिंग, एक्सपेंडिचर कंट्रोल, सहित कई प्रमुख बिन्दुओं के परफारमेन्स की समीक्षा की । सीआरबी महोदय ने अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों तथा चल रही विभिन्न परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए । इस बैठक के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता,रेलवे बोर्ड के अधिकारीगण तथा पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक मुकुल सरन माथुर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक राजेश पाठक, प्रमुख वित्त सलाहकार कार्तिक चैहान, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर सहित अन्य विभागाध्यक्ष तथा कोटा मण्डल रेल प्रबन्धक पंकज शर्मा, जबलपुर के मण्डल रेल प्रबन्धक संजय विश्वास, भोपाल के मण्डल रेल प्रबन्धक सौरभ बन्दोपाध्याय सहित मुख्यालय एवं तीनों मण्डलो के अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान, धवन कप्तान, दीपक चाहर की वापसी, त्रिपाठी नया चेहरा



**मुंबई ( एजेंसी )।** जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा हो गई है। तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए शिखर धवन को ही कप्तानी सौंपी गई है। वहीं, तेज गेंदबाज दीपक चाहर और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की टीम इंडिया में वापसी हुई है। बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी टीम में नया चेहरा होंगे। इसका अलावा ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जिन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेली है। सीनियर खिलाड़ियों को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और युजवेंद्र चहल समेत तमाम सीनियर खिलाड़ी यह सीरीज नहीं खेलेंगे। भारत-जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 18 अगस्त से होगी। वहीं, 22 अगस्त को आखिरी वनडे खेला जाएगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 वनडे के लिए टीम इंडिया- शिखर धवन (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर। कुलदीप भी वनडे में वापसी कर रहे चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव भी वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 स्क्वॉड में शामिल किया गया है। हालांकि, वह विंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में शामिल नहीं किए गए थे। स्पिन की जिम्मेदारी कुलदीप के अलावा अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर पर रहेगी। दीपक ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे थेदीपक इस साल फरवरी से ही चोट की वजह से टीम से बाहर हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रोइन इंजरी हुई थी। अब वह जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज से टीम इंडिया में नियमित तौर पर स्थान बनाने के लिए जोर बनाएंगे। इसके साथ ही वह टी-20 विश्व कप के लिए भी अपना दावा पेश करना चाहेंगे। राहुल त्रिपाठी अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर सकते हैं वहीं राहुल त्रिपाठी को आयरलैंड दौरे पर भारत की टी-20 टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, तब उन्हें अंतरराष्ट्रीय डेब्यू का मौका नहीं मिला था। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में त्रिपाठी को मिडिल ऑर्डर में मौका मिल सकता है।

### इन खिलाड़ियों को टीम में किया गया शामिल

जिम्बाब्वे दौरे पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी कप्तान धवन के अलावा ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और संजू सैमसन पर होगी। वहीं, ऑलराउंडर के तौर पर सुंदर, शार्दुल, अक्षर और दीपक चाहर टीम में शामिल हैं। तेज गेंदबाजों में चाहर, सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल और आवेश खान पर जिम्मेदारी होगी।



# भारतीय महिला हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत

## वेल्स को 3-1 से हराया, वंदना ने किए दो गोल

**मुंबई ( एजेंसी )।** हॉकी में भारतीय महिला टीम ने वेल्स को 2-1 से हरा दिया। टीम इंडिया की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले मैच में घाना को हराया था। भारत का अगला मुकाबला दो अगस्त को मेजबान इंग्लैंड से होगा।

### भारत ने वेल्स को हराया

भारतीय महिला हॉकी टीम अपने दूसरे मैच में वेल्स को 3-1 से हरा दिया। उसके लिए वंदना कटारिया ने दो गोल किए। वहीं, गुरजीत कौर ने एक गोल किया। गुरजीत ने इससे पहले घाना के खिलाफ भी दो गोल किए थे। भारत को मैच में सात पेनल्टी कॉर्नर मिले। उसने तीन पर गोल किए। वहीं, वेल्स ने एक गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किया। टीम इंडिया की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले मैच में घाना को हराया था। अब ग्रुप में भारत का सामना मेजबान इंग्लैंड से दो अगस्त को होगा। भारत दो मैच में दो जीत के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गया है। उसके छह अंक हैं। वेल्स दो मैच में दो हार के बाद चौथे नंबर पर है।

### चौथे क्वार्टर में भारत ने किया तीसरा गोल

भारत के लिए तीसरा गोल चौथे क्वार्टर में आया। मोनिका के जबरदस्त शॉट गोलपोस्ट की ओर मारा। गेंद अंत समय में वंदना की स्टिक से लगकर गोलपोस्ट में चली गई। वंदना के नाम दूसरा गोल दर्ज हुआ। भारत अब 3-1 से आगे हो गया है।

### वेल्स ने किया पहला गोल, स्कोर 2-1

वेल्स ने तीसरे क्वार्टर में पहला गोल किया। उसके लिए ह्यूज जेना ने पहला गोल किया। अब स्कोर 2-1 हो गया है। मैच जीतने के लिए भारत को चौथे क्वार्टर में अपनी बढ़त को बरकरार रखनी होगी।

### भारत ने दागे दो गोल

पहले क्वार्टर में एक भी गोल नहीं करने वाली टीम इंडिया ने दूसरे क्वार्टर में धमाकेदार वापसी की। उसने वेल्स के खिलाफ दो गोल दागे। भारत के लिए गुरजीत कौर और वंदना कटारिया ने दो गोल दागे।

### पहले क्वार्टर के बाद स्कोर 0-0

पहले क्वार्टर में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। भारत को दो शानदार मौके मिले, लेकिन उसने उसका फायदा नहीं उठाया। भारत को दूसरे क्वार्टर में अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### पहले क्वार्टर का खेल शुरू

भारत और वेल्स के बीच पहले क्वार्टर का खेल शुरू हो गया है। टीम इंडिया ने शुरुआती मिनट में जबरदस्त हमला किया, लेकिन वेल्स की टीम गोलपोस्ट के सामने मजबूती से बचाव किया। उसके बाद वेल्स ने भी काउंटर अटैक किया। हालांकि, अभी तक एक भी गोल मैच में नहीं हो पाया है।

### महिला हॉकी खिलाड़ी नवजोत कौर कोरोना संक्रमित

वेल्स के खिलाफ मैच से पहले भारत को बड़ा झटका लगा। स्टार मिडफील्डर नवजोत कौर ने राष्ट्रमंडल खेलों को बीच में छोड़कर ही भारत लौटने का फैसला लिया है। दरअसल, उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके बाद से ही 27 साल की कुरुक्षेत्र की इस मिडफील्डर को आइसोलेट कर दिया गया था। वह पिछले दो दिनों से आइसोलेशन में हैं और शुक्रवार को भारत और घाना के बीच मैच में नहीं खेली थीं।

# मीराबाई चानू ने रचा इतिहास



### 2016 में जब मीरा वजन नहीं उठा पाई थीं, तो उनके नाम के आगे - डिड नॉट फिनिश लिखा गया था।

इस डिड नॉट फिनिश टैग ने मीरा का मनोबल तोड़ दिया था। इस हार की वजह से मीरा अवसाद में चली गई थीं। इतना ही नहीं इससे बाहर निकलने के लिए मीरा को डॉक्टर का सहारा लेना पड़ा था। उन्होंने वेटलिफ्टिंग को अलविदा कहने का मन भी बना लिया था। हालांकि, खुद को साबित करने की ललक ने मीरा को ऐसा नहीं करने दिया। इसके बाद से मीरा देश की नई आइकन बनकर उभरीं। 2017 में वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मीरा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय एथलीट थीं। इस इवेंट की तैयारी के लिए वह अपनी सगी बहन की शादी भी छोड़ दी थीं। वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने के बाद मीरा रोने लगी थीं। उन्हें उस वक्त भी 2016 की हार याद थी। इसके बाद मीरा ने गोल्ड कोस्ट में पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण और टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। इस तरह वह देश की सर्वश्रेष्ठ एथलीट बन गईं।

## लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में जीता स्वर्ण, रिकॉर्ड भी बनाया

**मुंबई ( एजेंसी )।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत को पहला स्वर्ण दिलाया है। उन्होंने वेटलिफ्टिंग में 49 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा मीराबाई ने राष्ट्रमंडल खेलों में नया इतिहास भी रच दिया है। उन्होंने स्नैच राउंड में सबसे ज्यादा वजन उठाने का रिकॉर्ड भी बनाया। मीराबाई ने स्नैच राउंड में सबसे ज्यादा 88 किलो का वजन और क्लीन एंड जर्क राउंड में 113 किलो का वजन उठाया। उन्होंने कुल मिलाकर 201 किलो का वजन उठाया। स्नैच राउंड में मीराबाई ने बनाया रिकॉर्ड मीराबाई ने स्नैच राउंड में पहले अटैम्प्ट में 84 किलो का वजन उठाया। मीराबाई ने टोक्यो ओलंपिक में भी स्नैच राउंड में पहला अटैम्प्ट 84 किलो का ही किया था। दूसरे अटैम्प्ट में मीरा ने 88 किलो का वजन उठाने का सोचा और ऐसा कर भी दिखाया। यह वजन उठाने के साथ ही मीराबाई ने इतिहास रच दिया। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में स्नैच राउंड में किसी महिला एथलीट द्वारा उठाया गया यह सबसे ज्यादा भार है। इसके साथ ही मीराबाई ने अपने पर्सनल बेस्ट की बराबरी भी की। नेशनल लेवल पर मीरा 88 किलो वजन उठा चुकी हैं। चानू का 49 किग्रा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कुल 203 किग्रा (स्नैच- 88 किग्रा, क्लीन एंड जर्क- 115 किग्रा) का है, जो उन्होंने 2020 में फरवरी में नेशनल चैंपियनशिप में बनाया था। हालांकि, मीराबाई की तीसरा प्रयास विफल रहा। तीसरे प्रयास में मीरा ने 90 किलोग्राम वजन उठाने का सोचा, लेकिन उनका बैलेंस बिगड़ गया और वह विफल रहीं। टोक्यो ओलंपिक में मीरा ने तीसरे प्रयास में 89 किलो उठाने का प्रयास किया था, उसमें भी वह विफल रही थीं।

हालांकि, 90 किलो नहीं उठा पाने के बावजूद मीरा स्नैच राउंड में टॉप पर रहीं। उन्होंने दूसरे स्थान पर मौजूद वेटलिफ्टर से 12 किलो वजन की बढ़त बना रखी थी। मीराबाई चानू ने क्लीन एंड जर्क के पहले राउंड में 109 किलो भार उठाया। उन्होंने इसके साथ ही स्वर्ण पदक जीत लिया, क्योंकि उनके करीब कोई भी नहीं था। हालांकि, इसके बाद भी उन्होंने दूसरा अटैम्प्ट किया और 113 किलोग्राम का वजन उठाया। तीसरे अटैम्प्ट में मीराबाई ने 115 किलो वजन उठाने की कोशिश की, लेकिन विफल रहीं। क्लीन एंड जर्क में 115 किलो वजन उनका बेस्ट है। मीराबाई ने पिछले साल ही देश को वेटलिफ्टिंग में 21 साल बाद ओलंपिक मेडल दिलाया था। टोक्यो ओलंपिक में मीरा ने 49 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कुल 202 किलो का वजन उठाया था और रजत पदक अपने नाम किया था। उनसे पहले 2000 सिडनी ओलंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी ने कांस्य पदक जीता था। मीराबाई लगातार तीन राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतती आ रही हैं। 2014 ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स में मीरा ने रजत पदक और 2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में मीरा ने स्वर्ण पदक जीता था। 2016 में रियो ओलंपिक में विफल रही थीं मीराबाई ने 2016 में रियो ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद से कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा है और लगातार सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। 2016 रियो ओलंपिक में मीराबाई अपने एक भी प्रयास में सही तरीके से वजन नहीं उठा पाई थीं। उनके हर प्रयास को डिस-क्वालिफाई कर दिया गया था।

### बर्मिंघम में अब तक भारत को चार पदक

राष्ट्रमंडल खेलों के पिछले संस्करण में भारतीय वेटलिफ्टर्स ने पांच स्वर्ण सहित नौ पदक जीते थे। इस बार बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में वेटलिफ्टिंग में अब तक भारत को चार पदक मिल गए हैं। मीराबाई से पहले वेटलिफ्टिंग में ही संकेत सरगर ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक और गुरुराजा पुजारी ने 61 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। वहीं, बिंदियारानी देवी ने रजत पदक अपने नाम किया।



# रणवीर सिंह पर FIR दर्ज

**मुंबई ( एजेंसी )।** का तरह सिनेमा में भी रोज कुछ न कुछ घटता रहता है। कभी किसी फिल्म का हिट या फ्लॉप होना, किसी का फोटोशूट तो किसी के बयान से हंगामा मचना तय है। बीते हफ्ते भी सिनेमाजगत में कई बड़ी घटनाएं जिनसे खूब हंगामा मचा है। रणवीर सिंह अपने न्यूज फोटोशूट की वजह से काफी चर्चा में रहे हैं। यहां तक कि उनपर अश्लीलता फैलाने को लेकर एफआईआर तक दर्ज हो गई है। वहीं तनुश्री दत्ता ने बॉलीवुड माफिया का राज खोला है। तो चलिए आपको बताते हैं बीते हफ्ते में कौन-कौन सी बड़ी घटनाएं हुईं। बीते दिन शुक्रवार को मुंबई के अंधेरी स्थित चित्रकूट मैदान में आग लग गई थी। मैदान में लगी इस आग की वजह से रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर लव रंजन की अनाम फिल्म का सेट भी जलकर खाक हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान हादसे में एक फायर फाइटर की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग घायल हो गए हैं। आग की दुर्घटना में घायल हो गए फायर फाइटर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं अब इस पूरे हादसे पर वेस्टर्न इंडिया फिल्म एंड वॉकी टॉकी अटेंडेंट, फायर फाइटर एसोसिएशन ने नाराजगी जाहिर की है।

# बेहतरीन अभिनय से दिल जीत चुकी हैं कियारा





**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। मौजूदा समय में वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस हैं। हर साल 31 जुलाई को वह अपना जन्मदिन मनाती हैं। इस बार वह अपना बर्थडे सेलिब्रेट करने एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दुबई पहुंची हैं। उनके पिता एक बिजनेसमैन हैं और मां एक शिक्षिका हैं। उनका जन्म मुंबई में हुआ और इसी शहर में वह पली बढ़ीं। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम आलिया हुआ करता था लेकिन डेब्यू से ठीक पहले उन्होंने अपना नाम बदलकर कियारा रख लिया है। कियारा को फिल्म इंडस्ट्री में आए 8 साल हो चुके हैं। आज उनके जन्मदिन पर हम उनकी हिट फिल्मों के बारे में बताएंगे जिसे आप ओटीटी पर कभी भी देख सकते हैं। कियारा आडवाणी के करियर की यह दूसरी फिल्म थी। इस फिल्म में उन्होंने धोनी की पत्नी का रोल निभाया था। फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत धोनी के किरदार में दिखे थे। बॉक्स ऑफिस पर 133 करोड़ के कलेक्शन के साथ यह फिल्म सेमी-हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जा सकता है।शाहिद कपूर स्टारर कबीर सिंह कियारा के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म है। इस फिल्म में वह सीधी-सादी लड़की के किरदार में नजर आई थीं। दर्शकों ने उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया था। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। संदीप वांगा रेड्डी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने कुल 278 करोड़ का कलेक्शन किया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर आप कभी भी देख सकते हैं। कियारा की यह फिल्म जबरदस्त कॉमेडी से भरपूर थी। फिल्म में कियारा के अलावा अक्षय कुमार, करीना कपूर और दिलजीत दोसांज लीड रोल में नजर आए थे। इसका निर्देशन राज मेहता ने किया था। 205 करोड़ रूपए के कलेक्शन के साथ यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। जी5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस फिल्म का लुत्फ उठाया जा सकता है। हाल ही में रिलीज हुई भूल भुलैया 2 ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस फिल्म में वह कार्तिक के अपोजिट नजर आई थीं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। भूल भुलैया 2 ने कुल 185 करोड़ का बिजनेस किया था जिसकी वजह से इसे ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी आ चुकी है। इसे नेटफ्लिक्स पर कभी भी देखा जा सकता है।

# वे उपाध्यक्ष बने और हमें अध्यक्ष बना गए

## जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के शिल्पकार अजय विश्नोई ने बताया, कैसे अल्पमत को बदला बहुमत में

## अति आत्मविश्वास कांग्रेस को ले डूबा :अजय विश्नोई

**वोटिंग की सुबह तक कांग्रेस यह मानकर चल रही थी कि अध्यक्ष उनका बनेगा, लेकिन हमें भरोसा था कि हम अध्यक्ष बना लेंगे और हम उसमें सफल रहे। यह कहना है पाटन विधायक वह पूर्व मंत्री अजय विश्नोई का ।वह यशभारत प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव और उसके बाद बनी राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा कर रहे थे। जहां उन्होंने बड़ी बेबाकी से चुनावों की रणनीति और प्रदेश की राजनीतिक परिस्थिति पर अपनी बात रखी। जिसका प्रसारण यश भारत के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स वह यश भारत न्यूज़ चैनल पर विस्तार से देख सकते हैं।**

यश भारत
जीवन ज्योतिष
वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### 6 से शुरू हुई थी गिनती

चर्चा की शुरुआत में अजय विश्नोई ने बताया कि जब वे राष्ट्रपति चुनाव के लिए भोपाल गए हुए थे ,उस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी थी। जबलपुर आकर जब उन्होंने काम शुरू किया तो उनके पास मात्र 6 सदस्य थे और कांग्रेस के पाले में 11 सदस्य थे। लेकिन पहले उन्होंने 6 सदस्यों को आठ में तब्दील किया और फिर उसके बाद कांग्रेस के पाले में सेंधमारी की ।उन्होंने कहा कि हर चुनाव का अपना समीकरण होता है कुछ लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करने तैयार नहीं थे ,ऐसे में हमने दूसरा रास्ता अपनाया और 2 वोट निरस्त करने की रणनीति तैयार की ,जिसमें हम सफल रहे और विजय श्री मिली। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के सदस्य बाहर थे लेकिन उनकी बाड़ा बंदी उतनी मजबूत नहीं थी। हमें अपनी उंगली घुसाने का मौका मिल गया और हमने अपना काम कर दिया।

### हम अपनी योजना में सफल रहे वह अपनी

कांग्रेस की तरफ से इस चुनाव में सबसे अधिक सक्रिय भूमिका राजेश पटेल की थी ,उन्हें अपने भाई को उपाध्यक्ष बनाना था। हमें अपना अध्यक्ष बनाना था। वे अपने भाई को उपाध्यक्ष बनाने की योजना में सफल रहे और हम अपनी योजना में सफल हो गए। वही वोट रिजेक्ट कराने वाले सदस्यों के विषय में विश्नोई ने कहा कि ,उनके नाम लेना उचित नहीं होगा ।यह कांग्रेस के लिए शोध का विषय है। वह इस पर अपना शोध करें और जहां तक रही उपाध्यक्ष की बात तो इसको लेकर हमें पहले से ही अपने प्रत्याशी को अवगत करा दिया था कि हम आपको चुनाव तो लड़ा रहे हैं लेकिन जीत को लेकर आश्वस्त मत रहिएगा।



यश भारत प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में पाटन विधायक व पूर्व मंत्री अजय विश्नोई से चर्चा

### महापौर चुनाव में झटका लगा

भारतीय जनता पार्टी की महापौर चुनाव में जो हार हुई है वह पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है ।कार्यकर्ताओं का इससे उत्साह कम हुआ है। इसमें कहीं ना कहीं कोई गलती थी और हम लोगों की भूमिका निर्धारित नहीं हो सकी जिस कारण यह परिणाम सामने आए हैं ।जिसके चलते हमारी टीम को शहर में जूझना पड़ेगा क्योंकि कांग्रेस के महापौर कितने भी सहज सरल क्यों ना हो वह पार्टी के प्रतिनिधि हैं और उन्हें पार्टी लाइन पर ही चलना पड़ेगा।

### परिवर्तन का समय बीत गया

महाकौशल क्षेत्र की भाजपा सरकार में उपेक्षा व मंत्री पद को लेकर पूछे गए सवाल के विषय में अजय विश्नोई द्वारा स्पष्ट रुप कहा गया कि समय बीत चुका है ।मंत्री बनाने से उसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। अब तो जनता के बीच में जाकर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जो जन हितेषी योजनाएं हैं उनको ही सामने रखकर काम किया जा सकता है। जिससे भाजपा को फायदा होगा बाकी चीजों के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। वही डैमेज कंट्रोल के लिए महाकौशल विन्द क्षेत्र में पार्टी द्वारा कोई नई रणनीति तैयार करने के विषय में उन्होंने कहा कि अभी तक इस बारे में ना तो कोई ऐसी योजना है और ना ही पार्टी ने इस पर कोई विचार किया है।

### वे रिजेक्ट माल उठाते हैं

निकाय चुनावों में ओवैसी और आम आदमी पार्टी के प्रवेश के विषय में उन्होंने कहा कि उनके चुनाव लड़ने से कांग्रेस को ही नुकसान हो रहा है । जहां-जहां भी वे जीते हैं वहां दूसरे नंबर पर कांग्रेस रही है। उन्होंने जो भी नुकसान किया है वह कांग्रेस की वोट थी।वहीं विधानसभा चुनावों में तीसरे दल के विषय में उन्होंने कहा कि जो तीसरे राजनीतिक दल है वे भाजपा और कांग्रेस का रिजेक्ट माल ही उठाते हैं। जहां भी उनको थोड़ा बहुत फायदा है वह जातिगत समीकरणों और भाजपा कांग्रेस से बागी हुए लोगों के कारण होता है। इसके अलावा उनका कोई जनाधार जमीन पर नहीं है।

# कारतूस बेचने खड़ा था,पुलिस ने दबोचा : 18 कारतूस जब्त

**जबलपुर, यशभारत। गढ़ा पुलिस ने देर रात एक आरोपी को दबोचकर अवैध रूप से रखे 18 कारतूस जब्त किए है। आरोपी ग्राहक को सप्लाई करने की फिराक में था। जिसकी पूरी गैंग को तलाशने पुलिस आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है।**

पुलिस ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि मधुवन बार के पास संजीवनीनगर रोड में एक व्यक्ति पिस्टल के कारतूस रखे हुये बेचने के लिये खड़ा है । सूचना के बाद पुलिस ने अनुराग बुधौलिया 42 वर्ष निवासी अरिहंत बुक डिपो के पास देवताल गढ़ा को दबोच लिया। जिसकी तलाशी लेने पर जेब में पिस्टल के 18 कारतूस 7.65 एम.एम. के रखे मिला , आरोपी के कब्जे से 18 कारतूस जब्त करते हुये पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी के अवैध कारतूस के साथ रंगे हाथ पकड़ने में उप निरीक्षक बृजेन्द्र तिवारी, आरक्षक शैलेन्द्र पटवा, आशीष सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



# गोरखपुर में घायल किशोर की मौत!

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर थाना अंतर्गत भोले की कुटी के पास एक लोडिड ऑटो ने पैदल जा रहे किशोर को कुचल दिया। घटना के चार महीने बाद इलाज के दौरान नाबालिग ने दम तोड़ दिया। उसे सिर में गंभीर चोट थी, मौत की खबर के बाद परिजन स्तब्ध है, तो वहीं पुलिस ने जांच के बाद आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर, सरगर्मी से आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जिला सिवनी के थाना सभापुर ग्राम पछली कला का रहने वाला 17 वर्षीय करन मिश्रा की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक जबलपुर में काम से आया था और जब भोले कुटी के पास से गुजर रहा था उसी दौरान 17 मार्च 2022 को ऑटो क्रमांक एमपी 20 एलबी 3473 के बेकाबू चालक ने सीधी टक्कर मारकर नाबागि को घायल कर दिया। घटना के दौरान मची चीख पुकार के दौरान किशोर को तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन बाद में मेडिकल जबलपुर रेफर कर दिया गया। जहां चले करीब चार महिने इलाज के बाद नाबालिग की मौत हो गयी। लाडले की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जाचं में जुटी है।

# अन्नू 7 अगस्त को लेंगे महापौर की शपथ



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू आगामी 7 अगस्त को शपथ लेंगे। उनके साथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षद भी शपथ लेंगे। इस आयोजन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के भी शामिल होने की खबर है। शपथ ग्रहण का विराट आयोजन वेटरनरी कॉलेज परिसर में दोपहर में किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

# दो अपहृत किशोरियां दस्तयाब

## झारखंड से अपहरण कर ट्रेन से ले जा रहे थे कर्नाटक

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब आरपीएफ ने झारखंड की दो अपहृत किशोरियों को दस्तयाब किया। आरोपी किशोर और युवक दोनों को अपने साथ कर्नाटन ले जा रहे थे। जिनसे पूछताछ जारी है। आरपीएफ ने बताया कि किशोरियों का अपहरण का मामला झारखंड पुलिस में दर्ज है जिसकी सूचना संबंधित थाने को दी गई है झारखंड पुलिस जबलपुर के लिए रवाना हो चुकी है। आरपीएफने जानकारी देते हुए बताया कि एमएस सेल 139 से सूचना प्राप्त होने पर कि दो नाबालिग बालिकाओं को एक व्यक्ति भगा कर ले जा रहा है , उक्त सूचना पर सहायक उप निरीक्षक अरविंद सिंह आरक्षक हरिकेश दुबे गाड़ी संख्या 11266 प्लेटफ ार्म नंबर 4 समय 18 :55 आगमन पर दो बालिकाओं तथा दो व्यक्तियों को डी 4 कोच की बर्थ 82,83,84,85 से उतार कर जबलपुर पोस्ट लाया गया व पूछताछ करने पर अपने अपने नाम एवं परिजनों का मोबाइल नंबर बताया, पूछने पर नाबालिग लडकियों ने बताया कि उपरोक्त लडकों को जानते है तथा अपनी मर्जी से उनके साथ काम करने के लिए उडुपी जा रहे हैं। बाद उपरोक्त नाबालिग बालिकाओं के परिजनों से बात करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त दोनों बालिकाएं कपड़े सिलवाने तथा एडमिशन करवाने का बताकर घर से निकली थी बाद उपरोक्त लड़कों की मां से बात करने पर ज्ञात हुआ कि दोनों लड़के काम करने के लिए कह कर गए थे तथा लड़कियों के साथ में होने संबंधी जानकारी के बारे में बताया कि दोनों में का प्रेम प्रसंग है परंतु मुझे यह नहीं मालूम कि वह अपने साथ ले गया है बाद संबंधित थाने भंडारिया के ओसी श्री संजय कुमार मोबाइल से जानकारी प्राप्त की गई कि कोई उक्त बालिकाओं या बालक के परिजन की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है या नहीं बाद जानकारी प्राप्त हुई थी गुमशुदगी की सूचना प्राप्त हुई थी परंतु कोई मामला दर्ज अभी नहीं हुआ है सूचना की जांच जारी है, उक्त सूचनाओं के आधार पर चाइल्डलाइन संस्था से रजनीश कुमार तथा सुचिता मरावी को बुलाकर उपरोक्त नाबालिग बालिकाओं एवं बालक का एमएलसी करा कर देखभाल हेतु पाक साफ हालत में बिना कोई तलाशी लिए समक्ष गवाहन संस्था को सुपुर्द किया।

### श्रीमति सावित्री तिवारी का स्वर्गवास



**जबलपुर।** श्रीमति सावित्री तिवारी, पति श्री लक्ष्मी प्रसाद तिवारी का निधन हो गया है । अंतिम संस्कार आज ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया । वे हेमंत तिवारी व रेखा तिवारी शुक्ला की माताजी थीं ।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)